दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 11 | सीकर, सोमवार 09 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# रच दिया इतिहास

# भारत ने बैक-टू-बैक ट्रॉफी जीती

## टी-20 वर्ल्डकप में भारत ने न्यूजीलैण्ड को 96 रनों से हराया



### टी20 विश्व कप पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर

- 92/0 - भारत बनाम न्यूजीलैंड, अहमदाबाद, 2026 फाइनल
- 92/1 - वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, ब्रिजटाउन, 2024
- 91/1 - नीदरलैंड बनाम आयरलैंड, सिलहट, 2014
- 89/3 - इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, मुंबई विश्व कप, 2016
- 86/1 - भारत बनाम नामीबिया, दिल्ली, 2026

| | |
|---|---|
| भारत | 255/5 |
| न्यूजीलैंड | 159/10 |

नई दिल्ली।

संजू सैमसन (89), ईशान किशन (54) और अभिषेक शर्मा (52) के अर्धशतक की बदौलत भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही टीम इंडिया बैक टू बैक ट्रॉफी जीतने वाली और बतौर होस्ट टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बन गई है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार टी20 विश्व कप जीता है। इतना ही नहीं भारतीय टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का इतिहास भी पलट दिया है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को इसी मैदान पर शिकस्त दी थी। मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रन बनाए थे। जवाब में कीवी टीम 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से टिम सीफर्ट ने अर्धशतक लगाया। कप्तान सेंटनर ने 43 रन की पारी खेली।



### धीमी शुरुआत के बाद बरसे ओपनर

तमाम आलोचनाओं के बाद भी भारत की ओर से अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी मैदान पर आई। पहले ओवर में संजू ने संभलकर बल्लेबाजी की और आखिरी गेंद पर सिक्स लगाया। दूसरे ओवर में अभिषेक ने कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई। हालांकि, इसके बाद दोनों ने कीवी गेंदबाजों का आड़े हाथों लिया। इस जोड़ी ने चौकों-छक्कों से अपनी पारी को बुनना शुरू किया।

### पावरप्ले में जड़ दिए 92 रन

तीसरे ओवर में अभिषेक ने 2 चौके लगाकर लय प्राप्त की। चौथे ओवर में उन्होंने एक चौका और एक छक्का लगाया। 6 ओवर में भारतीय टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 92 रन जड़ दिए। 98 के स्कोर पर भारत को पहला झटका लगा। 18 गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा 52 के स्कोर पर आउट हुए। 3 नंबर पर उतरे ईशान किशन पवेलियन से ही सेट होकर आए। भारतीय टीम ने 7.2 ओवर में अपना शतक पूरा किया।


### संजू ने लगाई फिफ्टी की हैट्रिक

संजू सैमसन ने ईशान किशन के साथ मिलकर रन गति रुकने नहीं दी। 33 गेंदों पर संजू ने अपना अर्धशतक पूरा किया। सुपर-8 में वेस्टइंडीज (97*), सेमीफाइनल में इंग्लैंड (89*) और फाइनल में कीवी टीम के खिलाफ उन्होंने फिफ्टी लगाई। अर्धशतक लगाने के बाद संजू और खतरनाक नजर आए और उन्होंने सिक्स में डील शुरू कर दी। 14वें ओवर की आखिरी 3 गेंदों पर संजू ने 3 हवाई फायर किए। 15 ओवर में ही भारत का स्कोर 203 रन हो गया था। इसके बाद भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा। 16वें ओवर की पहली गेंद पर संजू कैच आउट हुए।

### दुबे ने 250 के पार पहुंचाया

हालांकि, 20 ओवर में शिवम दुबे ने हवाई फायर कर भारत का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। इस ओवर में दुबे ने 3 चौके और 2 छक्के लगाए। वह 8 गेंदों पर 26 रन बनाकर नाबाद रहे। तिलक वर्मा ने 6 गेंदों पर 8* रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैाउ की ओर से जेम्स नीशम को 3 सफलताएं मिलीं। वहीं रचिन रविंद्र और मैट हेनरी के खाते में 1-1 विकेट आया।

### प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने संजू



### कप्तान सूर्या का नहीं खुला खाता

ओवर की आखिरी गेंद पर नीशम ने कप्तान सूर्यकुमार यादव को उनके पसंदीदा शॉट पर वापस भेज दिया। स्काई गोल्डन डक पर आउट हुए। ऑफ स्टंप से बाहर शॉर्ट लेंथ को सूर्या ने शॉर्ट आर्म जैब खेला और रचिन रवींद्र को काफी मेहनत कर इस कैच को लपका। वह दाईं ओर दौड़े और डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर एक नीचा कैच लिया। एक ओवर में 3 विकेट गिरने के बाद तो स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया।

### सेमीफाइनल और फाइनल में अर्धशतक

शाहिद अफरीदी ( 2009 )
विराट कोहली ( 2014 )
संजू सैमसन ( 2026 )

### टी20 विश्व कप में लगातार सर्वाधिक 50 से अधिक स्कोर

- 3 - महेला जयवर्धने (2010)
- 3 - विराट कोहली (2016-2021)
- 3 - बाबर आजम (2021)
- 3 - केएल राहुल (2021)
- 3 - कुसल मेंडिस (2026)
- 3 - साहिबजादा फरहान (2026)
- 3 - संजू सैमसन (2026)

### टी20 इंटरनेशनल सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के

- 25 - फिन एलन (न्यूजीलैंड) बनाम पाकिस्तान, 2024
- 24 - संजू (भारत) टी20 विश्व कप 2026
- 24 - सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे) टी20 विश्व कप अफ्रीका क्वालीफायर, 2023/24
- 22 - फिल सॉल्ट (इंग्लैंड) बनाम वेस्टइंडीज, 2023
- 22 - अभिषेक (भारत) बनाम इंग्लैंड, 2025
- 22 - टिम सीफर्ट (न्यूजीलैंड) बनाम पाकिस्तान, 2025

---

## गौरव सैनानी समारोह : राष्ट्र सेवा में राजस्थान के वीरों की अग्रणी भूमिका

# सैनिक नहीं होते सेवानिवृत्त, आजीवन करते राष्ट्रहित और समाजहित के लिए कार्य : सीएम शर्मा

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्र सेवा में राजस्थान के वीरों की अग्रणी भूमिका रही है। यहां गांवों में कोई न कोई ऐसा परिवार है जिसने सेना की वर्दी पहनी है। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे आजीवन राष्ट्रहित और समाजहित के लिए निरन्तर कार्य करते हैं। उनका त्याग और बलिदान से पूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। श्री शर्मा रविवार को चूरू के जिला खेल स्टेडियम में आयोजित गौरव सेनानी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चूरू और शेखावाटी की धरती ने देशप्रेम के भाव को सदैव जीवंत रखा है। परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह, मेजर शैतान सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ जैसे वीर सपूतों ने राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अद्भुत साहस का प्रदर्शन करने वाले लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर रखे जाने की घोषणा भी की।

### रक्षा क्षेत्र में देश बन रहा आत्मनिर्भर

र्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक प्रमुख विश्व शक्ति बन कर उभर रहा है। भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन पराक्रम, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के माध्यम से दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है।

### वीरांगनाओं का त्याग हमारे लिए प्रेरणादायी

श्री शर्मा ने कहा कि वीर सपूतों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। वीर नारियों और वीरांगनाओं का त्याग भी हमारे लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा





कि वीर सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है।

इसी कड़ी में घर-घर जाकर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों से संवाद किया गया है। एकीकृत सैनिक कल्याण कॉम्पलेक्सेज में सभी सुविधाएं मिलेंगी एक ही छत के नीचे मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकोंए पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को विभिन्न सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत सैनिक कल्याण कॉम्पलेक्स का चरणबद्ध निर्माण कर रही है। इन कॉम्पलेक्सेज में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, युद्ध स्मारक, सैनिक कैंटीन, स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक भवन एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। प्रथम चरण में 36 करोड़ रुपये की लागत से जोधपुर, टोंक, शेरगढ़ और झुंझुनू में इन कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जोधपुर में मेजर शैतान सिंह कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र और झुंझुनू में वॉर म्यूजियम की स्थापना भी की जाएगी।

विभिन्न विभागों में नियोजित पूर्व सैनिकों के मानदेय में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिक और उनके परिवारों को सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आरटीडीसी के होटलों और गेस्ट हाउसों में वीरांगनाओं को 50 प्रतिशत और सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को 25 प्रतिशत की छूट देने के साथ ही नवीन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भी खोले जा रहे हैं। विभिन्न विभागों में रेक्सको के माध्यम से नियोजित पूर्व सैनिकों के मानदेय में पिछले 2 साल में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों को मिलने वाली पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की गई है।

## योग और स्वास्थ्य जागरूकता के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महर्षि दयानन्द महिला जिला योग समिति द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला योग शिक्षिका प्रीति शर्मा ने पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार के सानिध्य में बताया कि नियमित योग से महिलाओं का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज का आधार होती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक ने प्रारम्भ मे माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर महिलाओं को योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को मुख्य अतिथि ने समिति की तरफ से प्रतीक चिह्न एवं माल्यार्पण कर महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए नारी सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस अवसर पर रजनी जिनोलिया, सावित्री देवी, सुमित्रा खालिया, नेहा चौधरी, शबाना खान, मीना अग्रवाल, सुनीता नुनिया, अंजू मीणा, सम्पत बारूपाल, प्रीति शर्मा, रामनिवास जिनोलिया, ललित मीणा, संजय अग्रवाल, ओमप्रकाश मीणा, सुभाष सोनी, मनीराम खालिया, जितेंद्र टीबड़ा भी उपस्थित रहे।


## सीए इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों में खुशी की लहर

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** सीए इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम बुधवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे घोषित हुआ। परिणाम घोषित होते ही झुंझुनू जिले के विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। झुंझुनू ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए लोकेश अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों को फोन कर बधाई दी तथा उन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने की सूचना दी। यह खबर सुनते ही विद्यार्थियों और उनके परिवारजनों में हर्ष का माहौल बन गया तथा अभिभावकों को अपने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व की अनुभूति हुई। परिणाम के अनुसार झुंझुनू शहर में नितिन सांघी ने 454 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंकित सैनी ने 397 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि राधिका गुप्ता ने 307 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। झुंझुनू ब्रांच अध्यक्ष सीए मनीष अग्रवाल, सचिव इंद्रजीत, सीकासा समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार तथा कोषाध्यक्ष सीए विनायक शर्मा, सीए शायना खान महिला एवं युवा सदस्य उत्कृष्टता समिति ने बताया कि इस बार दोनों ग्रुप में झुंझुनू में कुल 97 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 9 विद्यार्थियों ने दोनों ग्रुप में सफलता प्राप्त की। इसके अलावा 7 विद्यार्थी केवल प्रथम ग्रुप में तथा 1 विद्यार्थी केवल द्वितीय ग्रुप में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि केवल प्रथम ग्रुप में 91 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 22 विद्यार्थियों को सफलता मिली। वहीं केवल द्वितीय ग्रुप में 37 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 7 विद्यार्थी सफल रहे। ब्रांच पदाधिकारियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा कहा कि झुंझुनू के विद्यार्थी लगातार सीए परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।



## कोबरी-सार



## 50 हजार का इनामी हार्डकोर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी पुलिस ने देर शाम को वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाएं जा रहे अभियान के तहत एक हार्डकोर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलिस ने 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि 18 जनवरी को सक्रिय अपराधियों, अवैध कारोबारियों व एचएस की चैकिंग व धरपकड़ तथा एरिया डोमीनेशन अभियान के तहत पुलिस थाना खेतडी के एचएस अपराधी सुनिल उर्फ अनिल के रिहायशी मकान की तलाशी के दौरान निवास स्थान से 28 जिंदा कारतूस मिलने पर सहयोगी विक्रम गुर्जर को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया था। एचएस सुनिल उर्फ अनिल वक्त घटना से फरार होने पर पुलिस थाना खेतड़ी पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। एसपी ने फरार आरोपी अनिल उर्फ सुनिल को दस्तयाब व गिरफ्तार करने के हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिये गये तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपये की इनाम घोषणा की गई। इसके बाद जयपुर रेंज आईजी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर इनाम राशि 25 हजार रूपये से बड़ाकर 50 हजार रूपये की घोषणा की गई थी। पुलिस ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर निरंतर दबीश दी गई। गठित टीम द्वारा हरसंभव प्रयास करते हुए मुख्य इनामी आरोपी ढाणी लगरिया वाला तन चिरानी निवासी सुनिल उर्फअनिल को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से उसके घर मिले हथियारों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है । इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एएसआई धुडसिंह, कांस्टेबल निवेश, अशोक कुमार, गौतम आदि शामिल थे।

## ट्यूबवेल निर्माण कार्य शुरू



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चनाना गांव में क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र भांबू द्वारा स्वीकृत ट्यूबवेल का शिलान्यास किया गया। यह ट्यूबवेल चनाना की रैगर बस्ती, फकीरों की ढाणी, बंजारा बस्ती में पानी की समस्या के समाधान हेतु सुरेश बड़सरा के नेतृत्व में ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल झुंझुनू में विधायक आवास पर जाकर ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए एक ट्यूबवेल की मांग की थी। क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र भांबू ने क्षेत्र की समस्या समस्या को देखते हुए ट्यूबवेल बनाने का आश्वासन दिया था। नया ट्यूबवेल राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत होने पर रविवार को मुख्य अतिथि अनिल फोगाट के सानिध्य में दीप प्रज्वलित करके पूजा अर्चना की। चनाना की रैगर बस्ती में ट्यूबवेल का शिलान्यास कनिष्ठ अभियंता अनिल फोगाट एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने बताया की ट्यूबवेल निर्माण होने के बाद चनाना रैगर बस्ती, फकीरों की ढाणी एवं बंजारा बस्ती में पेयजल की समस्या से राहत मिल सकेगी। शीलान्यास कार्यक्रम में प्रवीण गजराज, नरोत्तम गजराज, जयकारा धींवा, जितेंद्र चेजारा, बलदेव गजराज, नासिर हुसैन, गोविंद सिंह, कुलदीप, हरीश, राकेश डीग्रवाल, छोटू कुम्भावत, सलीम, मुमताज, रामचंद्र बंजारा, जफर, सलमान खान, विनोद, अब्दुल, सिराज, आकाश, बहादुर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शोभा का इंस्पायर्ड अवार्ड में चयन


निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेघवालों की ढाणी बंधड़ा की कक्षा दस की छात्रा शोभा पुत्री दोला राम मेघवाल का चयन इंस्पायर्ड अवार्ड के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य काना राम मांझू ने बताया कि भारत सरकार की राष्ट्रीय आविष्कार योजना के तहत बाल वैज्ञानिकों को इंस्पायर्ड अवार्ड प्रदान किया जाता है जिसमें चयनित बच्चों को दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। विद्यालय के विज्ञान विषय के शिक्षक अर्जुन राम जी के निर्देशन में शोभा ने छत पर पानी की टंकी का ओवर फलो रोकने के लिए अलार्म सिस्टम का मॉडल तैयार किया था जो राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों डालू राम, दुला राम मांझू, मेघराज, मंजू बिश्नोई, आशुतोष, राजेन्द्र प्रसाद, सुमित कुमार आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

## गिरने के कगार पर पोल

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड नं 6 स्थित बिजली का पोल गिरने की कगार पर है। पोल बीच में से टूटा हुआ नजर आ रहा है। पोल कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। बिजली विभाग अगर पोल को नही बदला तो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। पोल की बजह से कभी भी बड़ी जनहानि होने की संभावना बनी हुई है। मोहल्लेवासियों की ओर से संबंधित विभाग के अधिकारियों को बार बार समस्या के समाधान के लिए अवगत करवाया गया लेकिन समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय समारोह सम्पन्न

## विभाग के प्रयासों से ही हर बार अग्रणी जिलों में शामिल रहता है अपना जिला : गर्ग

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय समारोह रविवार को सूचना केंद्र सभागार में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय समारोह में उपखंड अधिकारी झुंझुनू कौशल्या विश्नोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर छोटे लाल गुर्जर, अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रियंका लांबा एवं प्रेरणा कालेर, जिला युवा अधिकारी मधु यादव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक पवन पूनिया, मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक विजेंद्र सिंह राठौड़ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला एवं कार्मिकों के प्रयासों से ही जिला हर बार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और मुख्यमंत्री नारी शक्ति उधम प्रोत्साहन योजना में प्रथम स्थान पर रहता है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. महेंद्र के. सोलंकी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता, परामर्श तथा लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जाता है। डॉ. सोलंकी ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर नि:शुल्क सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर समाज में समानता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि समारोह के दौरान पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत 24 लोगो का सम्मान किया गया जिनमें मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेन्द्र भास्कर, सहायक प्रबंधक पूजा, बीसीएमओ डॉ. रेखा, पीएनबी के मुख्य शाखा प्रबंधक दारा सिंह, आरएसआरडीसी की सहायक अभियंता ज्योति महरिया, शहीद फारूख अहमद राउमावि भीमसर की व. अध्यापक सविता गोदारा, बीपीओ कंचन चैधरी, अगवाना खुर्द की पंचायत शिक्षिका सुमन मान, इस्लामपुर की ग्राम साथिन सबीना, घोडीवारा खुर्द की कार्यकर्ता प्रीति कुमारी, भूदा का बास की सहायिका गुड्डी देवी, पिलानी की आशा सहयोगिनी लक्ष्मी शर्मा, एम.डी. टैंट हाउस, हंसासर की ग्राम साथिन सम्पत, बडागांव की ग्राम साथिन सुनिता, बडाउ की ग्राम साथिन कविता गुर्जर, बुहाना की ग्राम साथिन सुनिता देवी, हेतमसर की ग्राम साथिन किरणा बर्वड, मोई भारू की ग्राम साथिन कश्मीर, उरीका की ग्राम साथिन मंजू, सैनी नगर की ग्राम साथिन संजु सैनी, काजी की ग्राम साथिन रचना कुमारी, ओजटू की ग्राम साथिन मंजू देवी, प्रतापपुरा की ग्राम साथिन मंजू का सम्मान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नवलगढ़ के संदीप कुमार, मंडावा की उषा कुलहरि, अलसीसर की भारती ढाका, दीपिका को सम्मानित किया गया। इस दौरान समेकित बाल विकास सेवाएं विभाग की माता यशोदा पुरस्कार योजना के तहत कार्यकर्ता को 5100 तथा सहायिका को 2100 का नगद इनाम दिया गया। इस दौरान बाजला केंद्र की कार्यकर्ता संगीता, खारिया की सहायका अनीता, जैतपुर की कार्यकर्ता अनिता देवी, बुहाना की सहायका तारावती देवी, चिड़ावा वार्ड 2 की कार्यकर्ता अनिता, धतरवाला की सहायिका लक्ष्मी, लालपुर की कार्यकर्ता फूलवती देवी, उत्तरासर मानपुर की सहायका चांदनी मीणा, नालपुर की कार्यकर्ता शशिकला देवी, खेतड़ी वार्ड 20 की सहायिका मंजू देवी, बनगोठडी की कार्यकर्ता कृपा बाई, खेडला की सहायिका कांता, मुखवास की कार्यकर्ता सरोज बड़बड़, बिसाऊ वार्ड नंबर 7 की सहायिका प्रियंका, राणासर की कार्यकर्ता मुन्नी देवीए डूंडलोद की सहायिका नीलोफर, ढ़ानाबाग की कार्यकर्ता संपत्ति देवी, बिशनपुरा की सहायिका सरोज देवी, इस्माइलपूर कार्यकर्ता चंद्रकला, काजड़ा की सहायिका सुनीता, पोंख की कार्यकर्ता चित्रा शर्मा, बड़ा गांव की सहायिका कौशल्या देवी को पुरस्कार दिया गया।

## एस सेट परीक्षा 2026 के द्वितीय चरण का सफल आयोजन



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस की सीसीए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार 8 मार्च 2026 को एस सेट परीक्षा 2026 के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया । संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेना व कविता सक्सेना ने बताया कि छात्रवृत्ति व नगद पुरस्कार के लिए आयोजित इस परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। परीक्षा नियंत्रक फिजिक्स हेड प्रदीप सैनी, मैथ हेड महेंद्र सामोता एवं कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर/महेंद्र सिंह महला ने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा 10 व 12 में अध्यनरत विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का प्रथम चरण 18 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया था। दूरदराज से आए स्कूली छात्र-छात्राओं से बात की गई तो उन्होंने पेपर के स्तर को बहुत अच्छा बताया साथ ही ग्रामीण परिवेश में स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिवर्ष स्थापित किए जा रहे आयामों की खुलकर सराहना की। प्रथम चरण की परीक्षा में 1077 विद्यार्थियों ने भाग लिया था तथा द्वितीय चरण में 1286 विद्यार्थियों ने भाग लिया परीक्षा के सफल आयोजन में स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट के कृष्ण कुमार छीपा, झाबर निठारवाल, मुकेश देवंदा, मुकेश मील, रमेश हरितवाल, अर्जुन राजोरिया, दिनेश सैनी, विक्रम यादव, पिंटू कुमावत, माधव सिंह, पंकज बागड़िया, भागचंद कुमावत, केदार बुला, विजय गोपाल शर्मा, अशोक कुमावत, अंकित चौधरी, सुशील कुमार, रविन्द्र, शीलू पारीक, मनोज कुमावत, देवेंद्र सिंह रत्नू, अशोक मोगा सहित सभी स्टाफसदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए यह सफल आयोजन करवाया।

# सड़क किनारे जा रहे बुजुर्ग को डंपर ने कुचला

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के मेहाड़ा में देर रात को सड़क किनारे जा रहे बुजुर्ग को ओवरलोड डंपर ने कुचल दिया। इस दौरान हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा ओवरलोड डंपरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के सामने धरने पर बैठ गए। पुलिस ने ग्रामीणों से काफी देर तक समझाइश की लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिससे दो सीआई व दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मेहाड़ा जाटूवास निवासी धूड़ाराम 70 रात करीब नौ बजे गोगाजी मंदिर से वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान खनन क्षेत्र से आ रहे एक ओवरलोड डंपर ने सड़क किनारे जा रहे धूड़ाराम को कुचल दिया। इस दौरान हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को गाड़ी में डालकर ले जाने का प्रयास किया तो काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया तथा पुलिस थाने के सामने ओवरलोड डंपरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे गए। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि मेहाड़ा क्षेत्र में ओवरलोड डंपरों का संचालन अधिक होने से आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे है। ग्रामीणों की ओर से ओवरलोड डंपरों पर रोक लगाने को लेकर पूर्व में भी कई बार पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया गया था लेकिन पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं करने से धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। घटना के दौरान ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें सड़क पर जाम लगाने से रोका तो पुलिस व ग्रामीणों की झड़प हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी को पलटने का प्रयास किया तो पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पथराव में खेतड़ी सीआई मोहनलाल, मेहाड़ा सीआई राममनोहर ठोलिया व दो पुलिसकर्मी को चोट आई है। इस दौरान ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने, ओवरलोड डंपरों पर प्रतिबंध लगाने लगाने की मांग की। थानाधिकारी राममनोहर ने बताया कि मेहाड़ा जाटुवास में डंपर की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लेकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### हिरासत में लिए 22 युवकों को छोड़ने की सहमति बनने पर हुआ पोस्टमार्टम

मेहाड़ा में पुलिस पर पथराव करने के बाद हरकत में आई पुलिस ने 22 जनों को हिरासत में लिया गया था। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीण हिरासत में लिए गए युवकों को छोड़ने के बाद पोस्टमार्टम करवाने की मांग कर रहे थे। सुबह से लेकर शाम तीन बजे तक पुलिस व ग्रामीणों के बीच वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस के उच्च अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए सभी 22 जनों को शांतिभंग में पाबंद कर जमानत पर छोड़ने की सहमति बनने पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। इसके बाद पुलिस व मृतक के परिजन खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पंहुचे तथा मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

# गौर, गणगौर माता खोल, किवाड़ी बाहर खड़ी थारे पुजन वाली

## युवतियों में गणगौर का क्रेज, अब सस्कृति की ओर लौट रहे आमजन

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे सहित आस पास के इलाको में इन दिनों गणगौर पूजन के लिए युवतिया व महिला, में जोरदार केज बना हुआ है। होली के दूसरे दिन से ही गणगौर पूजने का सिलसिला शुरू होता है जो 16 दिन तक चलता रहता है। हालांकि कुछ युवतिया बास्येडा से भी गणगोर पूजन शुरू करती है। लेकिन नव विवाहिता, होली के दुसरे दिन से गणगौर पूजने का रिवाज शुरू करती है। पुरे दिन कस्बे की गलियों व मौहल्लों में गौर, गणगौर माता खोल, कियाडी, बाहर खड़ी थानै पूजण आळी, गौर गौर गोमती इंसर पूजे पार्वती, गौर का सोने का टिका पूजो, पूजा रे सखियों काई काई मागा सहित अनेक गीत लोगों को बरबस ही अपनी ओर खीच रहे है। पूजा शेखावत नेहा पारीक ने बताया कि गणगौर पूजने के लिए सुबह पांच बजे ये सोकर उठती है। सभी कार्यों से निवृत होकर अपनी टीम के साथ पहले दूब व पानी लेने के लिए गलियों में गणगौर माता के गीत गाती हुए जाती है। बहा से दूब तथा पानी लाने के बाद घरों में गणगौर की पूजन करती है। इसमें आस पास की महिलाए भी शामिल होती है। इसके बाद शाम को फिर से गणगौर के लिए पानी आदि के लिए ये गलियों खेतों व स्मणिक स्थलो पर जाती है हालाकि रींगस में रमणिक स्थल नहीं है। पाकों कॉलेजों व स्कूलों से भी दूब व पानी लाती है। रात को फिर गणगौर पूजने का सिलसिला शुरू होता है। गणगौर से परिवार व देश में खुशहाली की मन्नते मांगी जाती है। अच्छे परिणय की भी कामना की जाती है। दिन भर महिलाएं, नवयुवतिया इसी सिलसिले में लगी रहती है। इससे युवतियों की टोली को अक्सर घर से बाहर घूमने का भी परिवार की ओर से मौका मिलता है। क्षेत्र के जीणमाता शाकमारी हर्ष खाटूश्यामजी व खण्डेला जाने का मौका मिलता है। इस दौरान निकिता अल्का, नंदनी, सोनाक्षी मुस्कान, आरूया, नयन पारीक सहित अनेक युवतियां व नवविवाहिताए मौजूद थी।

## लेखाधिकारी बुगालिया ने गौशाला को दिया 2 लाख का सहयोग



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गोसेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह बुगालिया ने पं गणेशनारायण नेत भोमिया सुरभि गौशाला को 2 लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया है। इसके अलावा रघुवीर पुत्र हरदेवा राम बुगालिया व शिक्षक जगदीश प्रसाद बुगालिया ने 51-51हजार रुपए का सहयोग दिया है। इसके अलावा हवलदार शीशराम व सुभाष बुगालिया, दिनेश पुत्र सुखदेवा राम बुगालिया ने 21-21 हजार, शिक्षक ओमप्रकाश बुगालिया व चेतराम कुमावत ने 11-11 हजार, राजकुमार सैन, सेवाराम चौधरी नागौर ने 5100-5100 रुपए गौशाला को दिए हैं। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह राशि गोवंश की सेवा, चारा-पानी और गौशाला के रख-रखाव के कार्यों में उपयोग की जाएगी। गौभक्तों द्वारा दी गई इस सहयोग राशि पर गौशाला समिति के सदस्यों ने उनका आभार जताया और कहा कि समाज के सहयोग से ही गौशालाओं का संचालन सुचारू रूप से संभव हो पाता है। इस अवसर पर गौशाला से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे दान से गोसेवा कार्यों को मजबूती मिलती है और अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। गौशाला अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया, विजयपाल सिंह व कार्यकारिणी सदस्यों ने आभार प्रकट किया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री राजे के जन्मदिवस पर किया हनुमान चालीसा का पाठ



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिवस पर पूर्व विधायक सुभाष पूनियां के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर उनका 73वां जन्मदिवस मनाया। रविवार को गोपालपुरा के हनुमान मंदिर में पूर्व विधायक सुभाष पूनियां के नेतृत्व में निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह, एससी मार्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद डैला, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, भाजयुमों ग्रामीण अध्यक्ष अमित बिजारणियां, पूर्व सरपंच वीर सिंह खरड़िया, सुनिल पालीवाल, राजपाल काजला, लक्ष्मीनारायण श्यामपुरिया, शेर सिंह शेखावत जाखोद, रवि शास्त्री, सत्यनारायण शर्मा, अजीत बिजौली सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री राजे के दिर्घायु होने की कामना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस योग के साथ मनाया



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महिला पतंजलि योग समिति की महिला योग साधिकाओं ने अंतराष्ट्रीय महिला योग दिवस के अवसर पर महिला योग शिक्षिका डॉ. पूनम सिंघल के नेतृत्व मे गाँधी पार्क मे योगाभ्यास के साथ महिला दिवस पर एक दूसरे को हार्दिक शुभकामनायें दी. कार्यक्रम मे सुधा पंवार जिला प्रवक्ता भाजपा मुख्य अतिथि थी एवं सुनीता स्वामी जिला मंत्री भजपा एवं पूर्व प्रधान पंचायत समिति चिड़ावा विशिष्ठ अतिथि थी डॉ. पूनम सिंघल ने अतिथियों का संघठन का अंगवस्त्र पहना कर अभिनन्दन कियाण् इस अवसर पर डॉ पूनम सिंघल ने कहाँ की यह दिन नारी शक्ति, सम्मान ओर उनके योगदान को समर्पित है। नारी केवल परिवार की धुरी ही नहीं है बल्कि समाज ओर राष्ट्र की शक्ति है। इस अवसर पर पूजा गोयनका, तारा गोयनका, सावित्री तोमर, सुलोचना शर्मा, उमा देवी, प्रीति टीबड़ा, मंजू देवी, सुनीता, प्रियंका मोरवाल, दिव्या गोयनका, सुनीता सोनी, बबिता, उषा शर्मा, नितेश सिंघल, उन्नति शर्मा, संतोष देवी, मनीषा पंवार, सुनीता स्वामी भी मौजूद थी अन्त मे पवन सिंघल ने सभी का आभार प्रगट किया।

# गौभक्तों ने की गौवंश की सवामणी, भक्तिभाव से भरा रहा माहौल

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** झुंझुनू जिले की सर्वश्रेष्ठ गौशालाओं में से एक चनाना गौशाला गोभक्तों द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ गौवंश सवामणी स्व. बनारसी देवी उर्फ बन्नी बुआ धर्म पत्नि रामेश्वर ढाका मानोता जाटान की प्रथम पुण्यतिथि पर जुगल दास गौशाला चनाना में गोवंश के लिए स्वामणी आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौशाला में उनके पुत्र नरेंद्र ढाका, शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र ढाका, पुत्रवधू राजकौर ढाका अध्यापिका, मनोज ढाका अध्यापिका, रामेश्वर ढाका के पोत्र हिमांशु ढाका, पुत्रवधू साहिल ढाका, पोत्री तन्वी ढाका, बनारसी देवी के बड़े भाई चुन्नीलाल मुंड, जय नारायण धींवा, भाजपा प्रवक्ता राजकुमार, महावीर जांगीड़, प्रताप स्वामी, नरेंद्र उर्फ मोटू सहित इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु गौशाला पहुंचे उपस्थित थे और गौमाता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा के साथ की गई एवं गौमाता को गुड़ खुलाया व हरा चारा एवं विशेष प्रसाद अर्पित किया। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन की स्वर लहरियां गूंजती रही, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से गौसेवा के प्रति लोगों में जागरूकता की भावना प्रेरित हो। गौशाला में उपस्थित सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। लोगों ने भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने गौशाला की उन्नति और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# यज्ञ चक्रवर्ती सम्राट के प्रतीक है बल्डाधाम नागौर के सीताराम दास महाराज : भांवरिया

निसं



**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** नीमकाथाना के नजदीक राणासर में स्थित निर्झर धाम में रविवार को विशाल कलश यात्रा के साथ 108कुंडीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ की विधिवत् शुरूआत हो गई है। नागौर बल्डाधाम के महंत सीताराम दास महाराज के परम् सानिध्य में हो रहे श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के तहत धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत रविवार से कलश यात्रा के साथ हो गई है। संजय शास्त्री ने बताया कि रविवार को सराय में स्थित सुंदरदास महाराज के मंदिर से विशाल गाजे-बाजे के साथ में महिलाओं ने कलश अपने सिर पर रखकर मुख्यमार्गो से होते हुए निर्झर धाम आश्रम तक यात्रा निकाली। महिलाएं नाचते गाते हुए जोश के साथ में कलश यात्रा में शामिल हुई। निर्झर धाम में स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में परिक्रमा करने के बाद यज्ञ शाला के नजदीक कलश को रखा गया। यज्ञाचार्य चिरंजीव शास्त्री के सानिध्य में विप्रजनों ने 108कुंडीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में यजमानों की पूजा अर्चना करवाकर मंडप प्रवेश करवाया। यज्ञ प्रेमी मदनलाल भांवरिया ने बताया कि महायज्ञ के अवसर पर पहले दिन प्रात:दशविद्य स्नान, प्रायश्चित हवन, शोभायात्रा, 11सौ से अधिक महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली इसके बाद में मंडप प्रवेश के साथ ही देवताओं का आहवान् करके स्थापना की। शाम को संध्या आरती। सोमवार को प्रात: देव पूजा, अरणी मन्थन, अग्नि स्थापना, यज्ञ प्रारम्भ व संध्या आरती, 9मार्च से 15 मार्च तक प्रात: 9 से 12 बजे व दोपहर 3 से 6 बजे तक यज्ञ में आहुतियां दी जायेंगी। 16 मार्च को प्रात: 12:15 बजे देवपूजा के बाद पूर्णाआहुति होगी। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा। धार्मिक कार्यक्रम में पधारे विप्रजनों व संतों का सम्मान भी किया जायेगा।

इस दौरान मंदिर के महंत अवध बिहारीदास महाराज, यज्ञ प्रेमी मदनलाल भांवरिया, जयचंद रोहिलान, संजय शास्त्री, कैप्टन रामनिवास ताखर, बजरंग पटेल, रामावतार गजराज, राजकुमार जाखड़, सहीराम भगत, रतनलाल शर्मा, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, महेन्द्र तेतरवाल, डॉ रामकुमार सिराधना, दीपचंद दादरवाल, धर्मेन्द्र मीणा, श्रीलाल यादव, सुरेश चोटिया, लक्ष्मण कुडी, नत्थूसिंह मीणा आदि मौजूद रहे।

### सीतारामदास महाराज के सानिध्य में 106वां महायज्ञ

यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया ने बताया कि सीतारामदास महाराज बल्डाधाम नागौर के सानिध्य में 105 महायज्ञ देश के विभिन्न राज्यों में सम्पन्न हो चूंके है। निर्झर धाम में चल रहा 108 कुंडीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ 106वां है। सीताराम दास महाराज यज्ञ चक्रवती सम्राट हैं जो अपने जीवन में अभी तक 106 यज्ञ देश के महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, द्वारकाधीश, जगननाथपूरी, राजस्थान आदि प्रदेशों में सम्पन्न करवा दिये है।

## फागोत्सव में श्रद्धालु हुए झूमने पर मजबूर



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय अगुणा बाजार स्थित श्री रूपया वाला बालाजी मंदिर में रंग पंचमी के अवसर पर फागोत्सव का आयोजन किया गया। महंत जुगल किशोर दास महाराज ने बताया कि रंग पंचमी के मौके पर आयोजित फागोत्सव में कलाकार आकाश सोनी, संदीप जोशी, योगेश चतुर्वेदी, आभा शर्मा, पवन जांगिड़, सरदार सिंह कासनिया, नवरत्न पारीक, प्रेम किशोर चौहान, कमल खंडेलवाल, विजय काछवाल सहित अनेक कलाकारों ने भक्ति भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने बालाजी महाराज के भजनों सहित-कानूड़ा लाल घड़लो म्हारो भर दे धरती धोरां री श्याम सरकार सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। रंग पंचमी महोत्सव के दौरान पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा की गई। महोत्सव के समापन पर बालाजी की आरती की गई। रंग पंचमी के मौके पर मंदिर को सजाया भी गया। इस अवसर पर श्याम सुंदर टेलर, रामगोपाल बागड़ा, मनोज भोजक, मनमोहन शर्मा, श्याम सुंदर जांगिड़, निहाल सामरिया, परमानंद मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, जनार्दन हरितवाल, हेमंत शर्मा, मनोज मंगलहारा, रामपाल टेलर, शंकर अग्रवाल, मनीष टेलर, बलराम सोनी, महेंद्र चोटिया, श्याम शर्मा, केशव चोटिया, कुंदन जोशी, जनार्दन शर्मा, देव शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु गण मौजूद रहे। वहीं महिलाओं ने भजनों की दौरान नृत्य भी किया।

## रेल रोको आन्दोलन को लेकर हुई तैयारी बैठक



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** खिल भारतीय किसान सभा की ओर से 13 मार्च को चूरू जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन की तैयारियों को लेकर सुजानगढ़ स्थित किसान सभा कार्यालय में रविवार को किसानों की बैठक हुई। किसान सभा के जिला संयुक्त सचिव नेतृत्व कॉमरेड रामनारायण रुलानिया में हुई बैठक के दौरान किसान नेताओं ने बताया कि किसानों के सभी बकाया क्लेम जारी करने, मनरेगा कानून को पुन: बहाल करने, अमेरिका-भारत ट्रेड समझौते पर रोक लगाने, गारंटी उपज व क्रॉप कटिंग को सार्वजनिक करने, स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाने, सुजानगढ़ एवं बीदासर को नहर परियोजना से जोड़ने, ढ़ाणियों में पीने के पानी स्थायी व्यवस्था की जाए, चौधरी कुंभाराम नहर का घटाया गया रकबा वापस जोड़ने सहित कुल 22 मांगों को लेकर किसान सभा के नेतृत्व में फरवरी से पूरे जिले तहसील मुख्यालयों में किसान सभा के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा है। लगातार आंदोलन के बावजूद अब तक सरकार व प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में अब आंदोलन को तेज किया जाएगा तथा 13 मार्च को सुबह 11 बजे चूरू जिले में रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। बैठक में सुजानगढ़ किसान सभा के तहसील अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, किसान सभा उपाध्यक्ष सागर मेघवाल, पूर्व पार्षद सिराज खान, साबिर अली चौहान, मुमताज काजी, चांदमल छरंग, बुधाराम गुलेरिया, पीथाराम ज्याणी, हेमंत सिंह ढाका आदि मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर स्काउट गाइड ने निकाली रैली



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षु महिला अध्यापिकाओं हेतु विभिन्न खेलों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली को सी. ओ. स्काउट महेश कालावत एवं सेवानिवृत सहायक राज्य संगठन आयुक्त मान महेंद्र सिंह भाटी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान प्रशिक्षु छात्रा अध्यापिकाएं फूल नहीं चिंगारी है यह भारत के नारी है, भारत मां का जय घोष करते हुए और कन्या भ्रुण हत्या रोकथाम एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए रैली का आयोजन किया। रैली स्काउट खेल मैदान से प्रारंभ होकर कारुंडीय रोड, कुमावत बस्ती, बापू बस्ती, मोरारका कॉलेज होते हुए स्काउट कार्यालय पहुंची एजहां पर उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए सी. ओ. स्काउट कालावत ने कहा की नारी अबला नहीं, नारी सबला है, उन्हें अपनी शक्तियों, अधिकारों को पहचान कर आगे बढ़ना है। भारतीय संस्कृति में नारी का विशिष्ट स्थान है। इस अवसर पर पूर्व सहायक राज्य संगठन आयुक्त मान महेंद्र सिंह भाटी, स्काउट प्रभारी विजय गर्वा, गाइड प्रभारी रेणु कुमारी सहित राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय गणपति नगर झुंझुनू की सैकड़ो छात्रा अध्यापिकाएं उपस्थित उपस्थिति रही।

## एक दिवसीय शिविर आयोजित

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के अन्तर्गत रविवार को तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉण् छगन दान ने बताया इकाई द्वितीय के स्वयंसेवकों ने प्रथम सत्र में महाविद्यालय परिसर में श्रमदान का कार्य किया। स्वयंसेवको ने महाविद्यालय परिसर, पार्क, पार्किंग के आस-पास के क्षेत्र की सफाई की। द्वितीय सत्र में सुभाष सोलंकी ने स्वयंसेवकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने की बात कही। इस अवसर पर अमन रोकणा, नरेन्द्र शर्मा तथा मांगी लाल सहित एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## राजीविका राजसखी मेले का शुभारम्भ

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला प्रशासन एवं राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में रविवार से शहर की परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में राजीविका राजसखी मेला का आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग व निवर्तमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक रामनिवास ने बताया कि 7 मार्च से 15 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले इस मेले में 80 स्टाल लगाई गई है, जिन पर महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का विपणन किया जाएगा। यह मेला प्रथम बार राज्य सरकार की पहल पर राजस्थान के प्रत्येक जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जुड़ी हुई महिलाओं को उनके तैयार उत्पाद बेचने हेतु एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की दृष्टि से लगाया गया है मेले में महिलाएं घर से बाहर निकल कर अपने उत्पादों का विपणन कर सके। समारोह के दौरान राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार जिले के 110 महिलाओं को टेबलेट वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें सांकेतिक रूप से 11 महिलाओं को टैबलेट वितरित किए गए। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में 10 महिलाओं को टेबलेट वितरित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए महिलाओं को परंपरागत सामान के साथ नए प्रोडक्ट बनाकर मेले में लाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। वही जिला प्रमुख ने महिलाओं को हर प्रकार से सहायता का विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह राजीविका की महिलाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके प्रोडक्ट और उनके विपणन में सहयोग हेतु कटिबध है। इस दौरान उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी छोटेलाल गुर्जर, जिला युवा अधिकारी मधु यादव, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर एवं राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित हुए। इस दौरान राजीविका से रामजी लाल, अहवाब, किरण, योगेश व अन्य स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम का मंच संचालन राजीविका जिला प्रबंधक जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

## किसान सभा के रेल रोको आंदोलन को लेकर हुई प्रेस वार्ता



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** रेल रोको आंदोलन को लेकर किसान मजदूर भवन तारानगर में प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता में सभा के जिला सचिव उमराव सहारण, तहसील सचिव कॉ विक्रम सोनी, सयुक्त सचिव नितेश उपाध्याय व सीटू के जिला कमेठी सदस्य कुन्दन बरोड़ ने पत्रकार बंधुओं को सम्बोधित किया। कॉम विक्रम सोनी ने मुख्य फसल बीमा क्लेम खरीफ 2021 पर सरकार को चेतावनी देते हुए 13 मार्च को पूर्व में घोषित रेल रोको आंदोलन को सफल बनाने के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा सख्या में चूरू पहुंचने कि अपील कि गई। इसके साथ ही अगामी गर्मी को देखते हुए जलदाय विभाग द्वारा नहर बंद करने जा रहे हैं जिससे पूरी तहसील में पानी की व्यवस्था का हाल पूर्ण रूप से खराब हो जाएगा इसलिए किसान सभा ने इस बार व्यवस्था में सुधारात्मक कदम उठाते हुए विभाग को अभी से पानी अगामी दिनों व्यवस्था सुचारू रहे प्रशासन उचित व्यवस्था बना ले अन्यथा किसान सभा आंदोलन करेंगी। हाइटेंशन पॉवर ग्रेड 765 की लाइन जिन जिन किसानों के खेतों से होकर गुजरती है उन सभी किसान साथियों को डीएलसी रेट का बाजार के चार गुणा मुवावजा देने कि अपील कि गई।

## तेतरवाल को वेटरन अचीवर अवार्ड से सीएम ने किया सम्मानित



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राष्ट्र निर्माण और पूर्व सैनिकों के कल्याण में अनुकरणीय योगदान देने के लिए कोलासर के सेवानिवृत नायब सूबेदार रामनिवास तेतरवाल को प्रतिष्ठित वेटरन अचीवर अवार्ड से नवाजा गया है। चूरू में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मजिंदर सिंह ने अपने कर-कमलों रामनिवास तेतरवाल को यह सम्मन प्रदान किया। ज्ञात रहे कि सेवानिवृत्ति के पश्चात भी रामनिवास तेतरवाल ने अपनी ऊर्जा को समाज सेवा में लगाया है। उन्हें विशेष रूप से पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान, उनके परिवारों की सहायता और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के लिए जाना जाता है। समारोह के दौरान आर्मी कमांडर और मुख्यमंत्री ने तेतरवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एक सैनिक सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज के लिए एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाता है। इस उपलब्धि पर चूरू के पूर्व सैनिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## 5 वर्षीय अनस खान ने रखा रोजा



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय नूर में रहने वाले मोहम्मद इरफान खान व नफीसा बानो के 5 वर्षीय पुत्र अनस खान ने रमजान के माह में पहली बार रोजा रखा है। धीरे-धीरे बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ-साथ धार्मिक रीति रिवाज भी बच्चों को सिखाए जा रहे हैं। वहीं अनस की इस उपलब्धि पर उसके दादा बाबू खां, गुलाम मोहम्मद खान, खुशी मोहम्मद खान, मोहम्मद इमरान लीलगर आदि ने खुशी जाहिर की है।

## महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर की ओर से महिला दिवस के उपलक्ष में रविवार को ग्राम पंचायत झाडसर छोटा में महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी कृष्णा भाकर ने समानता और अधिकारों के प्रति महिलाओं को जागरूक किया। महिलाओं को सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियां का जश्न मनाने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, बाल विवाह नही करने की बात कही। भाकर ने कहा कि महिला दिवस बताया महिलाओं के संघर्षों को याद करने और उनके सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर देने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने सशक्तिकरण का नारा देते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अनेक महिलाओं ने भाग लिया।

## दो युवकों के खिलाफ दर्ज हुआ पोक्सो के आरोप में मुकदमा

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निजी स्कूल में अध्यापक रह चुके एक व्यक्ति और उसके भाई के खिलाफ स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में पोक्सो व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय बालिका, जो आठवीं क्लास में पढ़ती है, उसकी माता ने यह मामला दर्ज करवाया है। कोतवाली पुलिस को पीड़ित बालिका की माता ने बताया है कि निजी स्कूल के एक अध्यापक ने मेरी बेटी को होमवर्क के नाम पर डराया और मारपीट की थी। जिसके कारण मेरी बेटी उससे काफी डरने लगी। उसके बाद आरोपी ने मेरी बेटी के बाथरूम में जाने के वक्त पीछे से आरोपी जबरन घुसा और वहां पर उसके डरा धमकाकर वीडियो बना लिए और फोन देकर फोन पर बात करने के लिए मजबूर किया। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद आरोपी फोन पर अश्लील बात करने का दबाव बनाता। जिसकी शिकायत स्कूल मैनेजमेंट से करने पर आरोपी शिक्षक को स्कूल से निकाल दिया गया, जिसके कारण आरोपी मेरी बेटी से रंजिश रखने लगा और स्कूल आते-जाते वक्त तंग करने लगा और फोन पर बात करने का काफी दबाव बनाया और कहा कि बात नहीं की, तो तुम्हारे फोटो वीडियो वायरल कर दूंगा। बालिका की माता ने पुलिस को बताया है कि सात मार्च को अलसुबह करीब पांच बजे घर से बाहर आने का कहा और बाहर आते ही वह बालिका को शहर से बाहर ले गया और वहां पर ज्यादती का प्रयास किया। करीब साढ़े पांच बजे जब प्रार्थिया नींद से उठी तो उसे बालिका घर पर नहीं मिली, जिस पर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई और पुरानी घटनाओं के आधार पर आरोपी शिक्षक पर ही संदेह जताया गया। जब आरोपी को फोन किया गया तो उसने थाने में आने का कहकर फोन काट दिया। फिर आरोपी के भाई को फोन करने पर उसने कहा कि मेरे पास है, 10-15 मिनट में लाने की बात कही। फिर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर बालिका व आरोपी शिक्षक को खेत से दस्तयाब किया। पुलिस ने अपहरण, पोक्सो व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महापंचायत में भाग लेने समाज के लोग पहुंचे जयपुर

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के तत्वावधान में जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होने वाली सामाजिक अधिकार रैली/महापंचायत में भाग लेने के लिए झुंझुनूं जिले से जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों और युवाओं की टीम उत्साह के साथ जयपुर के लिए रवाना हुई। झुंझुनूं जिला इकाई के नेतृत्व में रवाना हुए इस दल ने समाज की एकजुटता और अधिकारों को लेकर नारेबाजी करते हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष अशोक ने बताया कि जयपुर में आयोजित यह महापंचायत कुम्हार-कुमावत समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों को लेकर आयोजित की जा रही है। रैली के माध्यम से समाज सरकार के सामने अपनी छह प्रमुख मांगें रखेगा। इनमें ओबीसी आरक्षण का वर्गीकरण कर समाज को न्यायसंगत भागीदारी देना प्रमुख मुद्दा रहा। महापंचायत के माध्यम से समाज की ओर से सरकार के समक्ष कई अहम मांगें रखी गई। इनमें श्रीयादे माटी कला बोर्ड को तकनीकी और एमएसएमई से जोड़कर उसके समग्र विकास की दिशा में कार्य करना, राजनीतिक दलों में जनसंख्या के अनुपात में टिकट वितरण और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना, जिला और तहसील स्तर पर समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास निर्माण हेतु भूमि आवंटन तथा किसान आयोग और महिला आयोग जैसे संवैधानिक बोर्डों में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग शामिल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आरसी कुमावत रहे। इस मौके पर सुशील प्रजापति, अशोक प्रजापति, गोविंद कुमावत, जितेंद्र कुमावत, पिंटू कुमावत, सोनू कुमावत, मोहन कुमावत, नाथू कुमावत, मुकेश जलन्द्रा, शंभू दयाल कुमावत, नरेंद्र सिंह शेखावत, संदीप कुमावत, संजय कुमावत, अजय कुमावत, श्रीचंद कुमावत, मामराज कुमावत, मांगीलाल कुमावत, ओमजी कुमावत, मंगल कुमावत, नंदलाल कुमावत, राधेश्याम कुमावत, राजेश कुमावत, हेमंत कुमावत, अशोक कुमावत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले फोगाट

हर्ष सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव अंकित फोगाट ने दिल्ली में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब से मुलाकात की। हाल ही में यूएस ट्रेड डील के विरोध को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को सात दिन तक जेल में रखा गया था। इस दौरान फोगाट ने उनसे मुलाकात कर समर्थन व्यक्त किया और आगामी संघर्ष में राजस्थान यूथ कांग्रेस की ओर से मजबूती से साथ देने का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों और युवाओं से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही अंकित फोगाट ने एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ से भी मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फोगाट ने छात्र हितों के लिए उनके संघर्ष और प्रतिबद्धता की सराहना भी की।

## सम्पादकीय

# जीवन के अंग

**हम** जिस तरह की सामाजिक-सांस्कृतिक परिस्थितियों में पलते-बढ़ते हैं, उसमें अपने हर करीबी के लिए बेहद संवेदनशील होते हैं। यही वजह है कि अगर किसी रिश्तेदार या परिजन की मौत होती है तो उसके लिए न सिर्फ दुखी होते हैं, बल्कि समाज और संस्कृति के संदर्भों से जो रिवायतें चली आ रही होती हैं, उसके मुताबिक हर स्तर पर हम मृतक के लिए पूरी भावुकता के साथ उसका पालन करते हैं। इसी क्रम में मृतक की देह को लेकर संवेदनशील होना स्वाभाविक है, क्योंकि अपने प्रियजन की मृत्यु किसी के लिए भी दुख का विषय होता है।

लेकिन अगर अपनी संवेदना और भावनाओं के साथ विवेक को भी सजग रखा जा सके तो अपने प्रियजन की मौत के बाद उन्हें किसी अन्य शरीर में जीवित देखा और महसूस किया जा सकता है। इंदौर में एक महिला की दिमागी तौर पर मृत्यु असमय ही हो गई, लेकिन खुद उसकी अंतिम इच्छा और उसके परिजनों की सहृदयता की वजह से उसके मृत शरीर से कई लोगों की जिंदगी आसान हो जाएगी और कुछ को नया जीवन मिल जाएगा। दरअसल, इंदौर में रहने वाली एक महिला अचानक ही मस्तिष्क संबंधी गंभीर समस्या से ग्रस्त हो गई। ठीक करने के अथक प्रयासों के बावजूद चिकित्सकों को आखिरकार उसे दिमागी तौर पर मृत घोषित करना पड़ा। जाहिर है, इसके बाद जीवन की उम्मीद लगभग खत्म हो जाती है और ऐसे में मृतक के परिजनों के दुख को समझना कोई मुश्किल काम नहीं है।

ऐसी स्थिति में आमतौर पर विवेक पर संवेदना हावी हो जाती है और उसी मुताबिक मृतक के अंतिम संस्कार के बारे में फैसले लिए जाते हैं। लेकिन महिला के संबंधी उसकी अंतिम इच्छा के मुताबिक मरणोपरांत उनके अंगदान के लिए आगे आए। ऐसे भावुक क्षणों में चिकित्सकों ने उसके शरीर के उन सभी अंगों को एकत्र किया, जिससे किसी अन्य जरूरतमंद को जिंदगी मिल सकती थी। यानी उसके शरीर के सभी काम आ सकने वाले अंग किसी न किसी को जीवन देंगे या उनकी जिंदगी को आसान बनाएंगे। हमारे यहां जीवन और मृत्यु को लेकर जिस तरह की धारणाएं, आग्रह और संवेदना का समुच्चय काम करता है, उसमें इसे निश्चित तौर पर एक विशेष और महत्त्वपूर्ण घटना के तौर पर देखा जाएगा।

दरअसल, इंसान के शरीर में कोई अंग जिस तरह काम करता है, ठीक उसी स्तर का कृत्रिम अंग बनाना अभी संभव नहीं हुआ है, इसलिए किसी अन्य व्यक्ति के अंग का प्रत्यारोपण ही फिलहाल उपाय होता है। ऐसी स्थिति में दुनिया भर में वैसे बहुत सारे लोग मौत के सामने अपनी जिंदगी की लड़ाई हार जाते हैं, जिन्हें हादसे के समय या किसी गंभीर रोग के इलाज के दौरान अपने शरीर में बेकाम हो चुके अंग का विकल्प नहीं मिल पाता। फिर चिकित्सीय जटिलता भी एक अहम पहलू होती है। जबकि ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहते हैं, जब गंभीर बीमारी या हादसे के बाद किसी मरीज की मृत्यु तय होती है, मगर उसके अंगों से कुछ अन्य लोगों को जिंदगी मिल सकती है। मसलन, दोनों गुर्दे, यकृत, हृदय, फेफड़े आंत और अग्न्याशय का प्रत्यारोपण हो सकता है, जबकि ऊतकों के रूप में कार्निया, त्वचा, हृदय वाल्व कार्टिलेज, हड्डियां और वेसेल्स भी समान स्तर पर बेहद उपयोगी होते हैं। इंदौर में जिस महिला का अंगदान किया गया, उसका हाथ तत्काल ही मुंबई में एक युवती को प्रत्यारोपित किए जाने के लिए विशेष विमान से भेज दिया गया। मध्यप्रदेश में इसे पहली बार हुआ बताया गया है, जब दिमागी रूप से मृत किसी व्यक्ति के हाथों का अंगदान किया गया।

## विशेष आलेख

# आर्थिक उठापटक का दौर

**आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे बड़े साझीदार अमेरिका और चीन दोनों आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। चीन में कोरोना महामारी काबू से बाहर है तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था फिर संकट से गुजर रही है, तो वहीं कोरोना के दौरान 2020-21 में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जानबूझ कर बढ़ाई गई वित्तीय तरलता ने अब वहां घरेलू स्तर पर महंगाई को पिछले पचास वर्षों के आंकड़ों से ऊपर लाकर खड़ा कर दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप दोनों देशों ने अपनी आर्थिक नीतियों में काफी आमूलचूल परिवर्तन किए हैं। इसलिए निश्चित रूप से इस आर्थिक दुष्प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ना था, मगर फिर भी आरबीआई की दूरगामी सोच के चलते आज भारत बहुत विकट परिस्थिति में नहीं है।**

चालू वित्तवर्ष में विभिन्न वैश्विक तथा आंतरिक आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए रिजर्व बैंक ने बहुत अच्छे प्रयास किए। मसलन, चालू वित्तवर्ष में चार से अधिक बार ब्याज दरों में परिवर्तन किए तथा रेपो दर को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाया। अब तकरीबन पंद्रह वर्षों बाद पहली बार भारत में रेपो दर छह फीसद के आंकड़े पर है।यह चालू वित्तवर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था को हुए नफे-नुकसान के विश्लेषण का समय है, क्योंकि बजट जल्द ही आने वाला है। ऊपरी तौर पर देखा जाए तो चालू वित्तवर्ष 2022-23 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत उठापटक वाला वर्ष रहा है। इसमें वैश्विक आर्थिक संकटों का ज्यादा प्रभाव रहा है, जिसकी शुरुआत पिछले वर्ष फरवरी में रूस और यूक्रेन युद्ध से हुई थी। इस युद्ध से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं, जिसके चलते भारत में सभी तरह के आयात लगातार महंगे होते गए तथा उनका विकट प्रभाव घरेलू मोर्चे पर महंगाई में बढ़ोतरी के रूप में देखने को मिला। इन सब का पूर्वानुमान सामान्य भारतीय उपभोक्ता को नहीं था। कोरोना महामारी के दो विकट वर्षों के बाद वह अपनी आर्थिक स्थिति में कुछ मजबूती की उम्मीद कर रहा था, जिसे लगातार बढ़ रही महंगाई तथा बेरोजगारी ने संभव नहीं होने दिया।



दूसरा प्रभाव अमेरिकी आर्थिक नीतियों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने महंगाई को नियंत्रित करने के लिए जानबूझ कर अपने यहां ब्याज दरें बढ़ाईं, जिससे तुलनात्मक रूप से डालर भारतीय रुपए के मुकाबले मजबूत हो गया। भारतीय रुपया कमजोर होता गया और ऐतिहासिक गिरावट के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए रुपए का कमजोर होना बहुत बड़ी मार के रूप में सामने आया, क्योंकि इसने भारत की वैश्विक खरीदारी को और महंगा कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप घरेलू मोर्चे पर महंगाई अनियंत्रित होती चली गई। इन सबके बीच चालू वित्तवर्ष में विभिन्न वैश्विक तथा आंतरिक आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए रिजर्व बैंक ने बहुत अच्छे प्रयास किए। मसलन, चालू वित्तवर्ष में चार से अधिक बार ब्याज दरों में परिवर्तन किए तथा रेपो दर को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाया। अब तकरीबन पंद्रह वर्षों बाद पहली बार भारत में रेपो दर छह प्रतिशत के आंकड़े पर है। इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिकी फेड द्वारा बढ़ाई गई ब्याज दरें थी, जिसके परिणामस्वरूप भारत का रुपया कमजोर हुआ और घरेलू मोर्चे पर महंगाई बढ़ी। अगर ऐसा न होता तो इसके कई नकारात्मक परिणाम सामने होते, जिनमें आर्थिक मंदी भी सम्मिलित हो सकती थी। इन सबके बीच एक सुखद स्थिति यह भी रही कि लंबे अरसे के बाद महंगाई की दरें नियंत्रित होती प्रतीत हो रही हैं। नवंबर 2022 में महंगाई दर को निर्धारित करने वाले-उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी कि सीबीआइ और थोक मूल्य सूचकांक यानी कि डब्लूपीआइ छह फीसद से नीचे दर्ज किए गए। सीपीआइ में गिरावट जनवरी 2022 के बाद पहली बार देखी गई। वहीं दूसरी तरफ डब्लूपीआइ 5.85 फीसद दर्ज हुई, जिसमें वर्ष 2021 के बाद पहली बार इतनी गिरावट देखी गई। इससे पहले यह 8.39 फीसद थी। निश्चित रूप से आरबीआइ द्वारा चालू वित्तवर्ष में बढ़ाया गया रेपो रेट इसके पीछे एक मुख्य कारण है, क्योंकि इसे वित्तीय तरलता पर काफी नियंत्रण किया जा सका। हालांकि विश्लेषण में यह पक्ष भी सामने आता है कि इन दिनों सब्जियों और फलों की आवक एकाएक बहुत बढ़ गई, इसकी वजह से इनके मूल्यों में कमी दर्ज की गई है तथा इसी करण सीपीआइ और डब्लूपीआइ में गिरावट दर्ज हुई। इसीलिए यह चर्चा भी आम है कि महंगाई की दरों में आई गिरावट नकारात्मक प्रतीत होती है, क्योंकि इससे आम आदमी को आर्थिक संबल नहीं मिला है। इन सबके बीच भारतीय लोकतंत्र में लोकलुभावन राजनीति भी एक ऐसे दौर में प्रवेश कर गई है, जिसने आर्थिक संकटों के अंदेशे को गहरा दिया है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था में आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया वाली कहावत बिल्कुल सही प्रतीत होती है। मुफ्त बांटने की राजनीति इतनी विस्तृत हो गई है कि वोट पाने के चक्कर में राजनीतिक दल आर्थिक संकटों के पूर्वानुमानों की बिल्कुल उपेक्षा कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इन दिनों भारत के सभी राज्यों के वित्तीय कर्ज भारतीय अर्थव्यवस्था के जीडीपी का इकतीस फीसद से अधिक है। इस संदर्भ में यह स्पष्ट करना भी आवश्यक है कि वर्ष 2018 में संसद द्वारा राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) कानून के प्रावधानों के अनुसार अर्थव्यवस्था में जीडीपी के साठ फीसद तक ही कर्ज की सीमा होनी चाहिए, जिसमें केंद्र का हिस्सा चालीस फीसद और बाकी सभी राज्यों का हिस्सा रहना चाहिए। वर्तमान में राज्यों का हिस्सा बहुत बढ़ चुका है, जो कि अत्यंत चिंतनीय विषय है। निश्चित रूप से इस संदर्भ में राज्यों को आने वाले समय में केंद्र से अधिक मदद की दरकार रहेगी और इसका प्रत्यक्ष प्रभाव विकास दर में गिरावट के रूप में देखने को मिलेगा। राज्यों के बढ़ रहे लगातार घाटों के अंतर्गत उनके द्वारा मुफ्त बांटने की राजनीति अपनी पराकाष्ठा पर है, बजाय इसके कि रोजगार के अधिक से अधिक संसाधन विकसित किए जाएं तथा ग्रामीण और छोटे शहरों को आर्थिक विकास की मुख्यधारा में लाया जाए। चालू वित्तवर्ष 2022-23 पड़ोसी मुल्कों की आर्थिक मोर्चे पर विफलता के साथ भारत के लिए भी काफी निराशाजनक रहा है। श्रीलंका की आर्थिक बदहाली और बांग्लादेश तथा पाकिस्तान की लगातार कमजोर होती जा रही अर्थव्यवस्था को सबने महसूस किया है। विशेष रूप से यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिंतनीय विषय है, क्योंकि वैश्वीकरण के इस दौर में हम पड़ोसी मुल्कों की आर्थिक कमजोरियों से बिल्कुल अछूते नहीं रह सकते। इस वक्त भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रति व्यक्ति क्रय क्षमता, वित्तीय ऋण और विदेशी मुद्रा का संग्रहण सभी एक आदर्श स्थिति में है, जिससे इस बात का कोई अंदेशा नहीं है कि आने वाले वित्तवर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कोई घबराहट का दौर रहेगा। सरकार को अब चाहिए कि बड़ी मजबूती के साथ आर्थिक नीतियों में कुछ ऐसे परिवर्तन करे, जिनका प्रभाव आम आदमी के जीवन में देखने को मिले, जिसमें मुख्य रूप से समाज के छोटे वेतनभोगी को आयकर से राहत दिलाना मुख्य हो। वहीं दूसरी तरफ बैंकिंग नीतियों में परिवर्तन भी किया जाए, जिसमें निर्माण क्षेत्र के अंतर्गत पीएलआइ योजना के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने वाले उद्योगों को वित्तीय रियायतें दी जाएं।

## आज का राशिफल

### मेष
वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्?थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

### वृष
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें। विवाद में न पड़ें।

### मिथुन
बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

### कर्क
थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी।

### सिंह
विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें।

### कन्या
उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।

### तुला
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

### वृश्चिक
दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

### धनु
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

### मकर
वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा।

### कुंभ
चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा।

### मीन
बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। समय सुखमय व्यतीत होगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# इस सीजन स्नैक्स में आलू नहीं बल्कि इन चीजों से तैयार हेल्दी फूड खाइए

सर्दी के मौसम में ऐसी बहुत सारी सब्जियां होती हैं, जिनसे स्नैक्स के लिए कई अलग तरह के फूड्स तैयार किए जा सकते हैं। इसलिए आप सर्दियों के सीजन में आराम से आलू को अपने स्नैक्स से अलग कर सकते हैं।



### क्यों बेहतर जिमीकंद

- जिमीकंद में प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसलिए यह ऊर्जा प्राप्त करने का बेहतरीन माध्यम है। जिमीकंद को सूरन के नाम से भी जाना जाता है। यह पोषण के मामले में बहुत ही गुणकारी सब्जी है।
- आप जिमीकंद को उबालकर छील लीजिए और फिर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लीजिए। इसके साथ ही आपको मसाला भी तैयार करना है। मसाला तैयार करने के लिए आपको चाहिए- पुदीना पाउडर, जीरा पाउडर, काली मिर्च का पाउडर, थोड़ा-सा हींग और काला मिर्च। तवे पर सबसे पहले जीरा पाउडर हल्का-गर्म करें।

### दोपहर के नाश्ते में खाएं सिंघाड़े की कचरी

- तैयार मिश्रण को जिमीकंद पर छिड़कें और ऊपर से नींबू निचोड़ लें। आपकी जिमीकंद चाट तैयार है। आप चाहें तो उबले हुए जिमीकंद को जीरे में तड़का लगाकर सूखी सब्जी तैयार कर लें।

### जिमीकंद का पोषण

- जिमीकंद में ओमेगा-3 फैटी एसिड, कैल्शियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, जिंक इत्यादि पाए जाते हैं। ये हड्डियों को मजबूती देने के साथ ही शरीर को पुष्ट बनाने में भी लाभकारी होते हैं। क्या जिमीकंद के ये फायदे जानते हैं आप?

### कचालू के फायदे

- कचालू की चाट या सब्जी बहुत ही स्वादिष्ट होती है, साथ ही उतनी ही हेल्दी भी होती है। कचालू को कांदू और अरबी के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि देश के अलग-अलग क्षेत्रों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है।
- कचालू का उपयोग चाट, सब्जी और स्वीट डिश बनाने में अलग-अलग प्रकार से किया जाता है। लेकिन इसे कच्चा नहीं खाया जाता है। स्वाद की बात करें तो यह खाने में नट्स की तरह टेस्ट देता है। हालांकि कैलरी और फाइबर के मामले में कचालू कहीं अधिक पौष्टिक होता है।

# वजन कम करने के बाद इन तरीकों से रखें खुद को फिट, नहीं होगा फिर से मोटापे का खतरा

वजन कम करने के लिए अक्सर लोग काफी मेहनत करते हैं, लोगों की ये कोशिश होती है कि वो किसी भी तरह अपने वजन को नियंत्रण में कर खुद को फिट रख सकें। आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच खुद की फिटनेस पर ध्यान देना हर किसी के लिए मुश्किल हो गया है। ऐसे में लोगों का वजन तेजी से बढ़ने लगता है जो एक समय में काफी खराब लगने लगता है। जिसके बाद लोग अक्सर वजन कम करने या खुद को फिट रखने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। कोई अपनी डाइट प्लान में बदलाव करता है, तो कोई घंटों जिम में मेहनत करते हैं। जिसकी मदद से लोग अपने वजन को बहुत मुश्किलों के साथ कम करने में सफल हो पाते हैं। लेकिन क्या एक बार वजन कम करने के बाद खुद के वजन पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी होता है। जी हां, जब आप वजन कम कर लेते हैं तो जरूरी नहीं कि आप हमेशा कम वजन के साथ ही रहेंगे, अगर आप अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं देते तो इससे आपका वजन फिर से बढ़ सकता है। ये आपके लिए एक चुनौती हो सकती है कि आप वजन कम करने के बाद अपने वजन को कैसे नियंत्रण में रखते हैं। अब आपको सवाल होगा कि कैसे इस चुनौती का सामना किया जाए, तो इसके लिए अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।



## नियमित रूप से एक्सरसाइज करें

कई लोग ऐसे होते हैं जो अक्सर काफी मेहनत से अपने वजन को कम करने के बाद एक्सरसाइज से दूर होने लगते हैं, जबकि ऐसा करना आपके लिए गलत हो सकता है। आपको वजन कम करने के बाद भी नियमित रूप से एक्सरसाइज और शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। इससे आप खुद को लंबे समय तक स्वस्थ रखने के साथ फिट भी रह सकेंगे। अगर आप वजन कम करने के बाद एक्सरसाइज का त्याग करते हैं तो इसके बाद भी आपका वजन तेजी से बढ़ सकता है जिस कारण आप मोटापे का भी शिकार हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप वजन कम होने के बाद भी अपनी एक्सरसाइज को जारी रखें, इससे आप रोजाना की हेल्दी डाइट भी ले सकते हैं और खुद की कैलोरी को नियमित रूप से जला भी सकते हैं।

## अपने लिए अच्छे वजन का पता लगाएं

ये हम सभी के लिए जरूरी है कि हम अपने लिए एक अच्छे वजन की जानकारी लें, कि हम अपना वजन कितना रखना चाहते हैं। ये कदम आप सभी के लिए इसलिए भी जरूरी हो जाता है क्योंकि इसकी मदद से आप खुद को उस वजन के आसपास रखते हैं और खुद को फिट रख सकते हैं। वजन ज्यादा या कम होता रहता है लेकिन जब आप अपने लिए अच्छे वजन का पता लगाते हैं तो आप हमेशा यही कोशिश करेंगे कि आपको उस वजन के आसपास या उस वजन पर ही रहना है। इससे आप मोटापे जैसी गंभीर समस्या से भी आसानी से दूर रह सकते हैं और खुद को फिट रखने के लिए ये एक आसान तरीका है। इसके लिए आप अपने एक्सपर्ट से भी बात कर सकते हैं कि आपकी लंबाई के हिसाब से आपका वजन कितना होना चाहिए, जिसे बॉडी मास इंडेक्स भी कहा जाता है।

## वजन बढ़ने के कारणों से दूर रहें

आप सभी का वजन किसी न किसी कारण से बढ़ता है, ऐसे में जब आप खुद को उस कारण से अलग रखते हैं तो आप अपन वजन को कम करने लगते हैं। ऐसा ही आपको अपने वजन को घटाने के बाद भी करना होता है, आपको उन चीजों से हमेशा दूर रहना चाहिए जिनकी वजह से आपका वजन तेजी से बढ़ गया था। इसमें आपकी डाइट और जीवनशैली की भी कुछ आदतें शामिल हो सकती हैं। जिसके कारण आपका वजन बढ़ने लगा था। आप वजन घटा चुके हैं तो अब आपको अपनी सेहत का ख्याल रखते हुए उन कारणों को अपनी डेली रूटीन से बाहर करना चाहिए। आप वजन भी तेजी से कम करते हैं और खुद को कई बीमारियों के खतरे से भी बचाकर रखते हैं।

### हेल्दी डाइट लें

डाइट का आपके वजन पर सीधा संबंध होता है, जो तेजी से आपका वजन बढ़ा भी सकती है और कम भी कर सकती है। इसके लिए आपको बहुत ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं होती है। हो सकता है आपका वजन बढ़ने के पीछ डाइट ही एक मात्र कारण रहा हो। ऐसे में आपको वजन कम करने के लिए जरूरी है कि आप एक हेल्दी डाइट लें जो आपको सभी पोषक तत्वों की पूर्ति करने के साथ आपको फिट रखने में मदद करें। आप अपनी डाइट में बहुत सारे फल, सब्जियां, दाल, अंडे, चिकन और नट्स को शामिल करें।

### तनाव कम करने की कोशिश करें

बहुत ज्यादा तनाव के कारण आप मोटापे का शिकार हो सकते हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है कि जब आप तनाव की स्थिति में होते हैं तो आप बढ़ते वजन या मोटापे का शिकार हो सकते हैं। इसलिए आपको कोशिश करनी चाहिए कि आप तनाव को कम से कम करने की कोशिश करें और खुद को तनावमुक्त रखें।

### ओवरईटिंग की आदत से बचें

ओवरईटिंग यानी एक बार में बहुत ज्यादा खाने की आदत, ये आदत कुछ लोग में नहीं बल्कि ज्यादातर लोगों में होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं आपके बढ़ते वजन के पीछे आपकी इस आदत की भूमिका अहम होती है। जी हां, अगर आप ओवरईटिंग की आदत के साथ भोजन करते हैं तो ये आपके लिए खतरनाक हो सकता है। आपको कम-कम भोजन करने की आदत करनी चाहिए और थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ खाएं।

### कैफीन और शराब से रहें दूर

बहुत ज्यादा शराब या कैफीन का सेवन करना आपको फिर से मोटापे का शिकार बना सकता है। जब आप बहुत ज्यादा कैफीन और शराब का सेवन करते हैं तो इससे वजन घटाने की प्रक्रिया बाधित हो सकती है। इसलिए आप कोशिश करें कि कैफीन और शराब का सेवन कम से कम करें। इससे आपका पूर्ण स्वास्थ्य भी बेहतर हो सकेगा।

## त्वचा को कसने की कोशिश करें

अक्सर देखा जाता है कि जब आपका वजन पहले से कम होता है तो इस दौरान आपकी त्वचा भी ढीली पड़ने लगती है, क्योंकि त्वचा की कोशिकाएं वसा को खो देती है। इसलिए वजन कम होने के बाद, बहुत सारी त्वचा आपको ढीली नजर आ सकती है, यह आपके शरीर के आकार को भी खराब कर सकता है। अगर आप त्वचा को ढीला छोड़ते हैं तो कुछ समय बाद आपको त्वचा पर कुछ निशान नजर आ सकते हैं जो आपको बहुत ही बुरे लग सकते हैं। अक्सर महिलाओं को भी गर्भावस्था के बाद इस तरह के निशान और समस्या से गुजरना पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि आप वजन कम करने के बाद अपनी त्वचा पर भी उतना ही ध्यान दें जितना आप अपने पूर्ण स्वास्थ्य पर दे रहे होते हैं। अपनी त्वचा को बेहतर बनाने और त्वचा के ढीलेपन को दूर करने के लिए आप कुछ तरीके अपना सकते हैं। जिसमें क्रीम, व्यायाम, पोषण संबंधी टिप्स और चिकित्सा प्रक्रियाएं हैं जो आपकी त्वचा को तेजी से टाइट करने का काम कर सकती है। इसके लिए आप अपने डॉक्टर या एक्सपर्ट से भी बात कर सकते हैं जो आपके लिए एक बेहतरीन तरीका बता सकते हैं।

## सेल्समैन से मारपीट कर रंगदारी वसूलने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लाल कोठी थाना पुलिस टीम ने सेल्समैन से मारपीट कर रंगदारी वसूलने के मामले में एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का पाइप भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि 27 फरवरी 2026 को सांगानेरी गेट स्थित मिश्रा मार्केट में आईसीटीएल नेक्सा शोरूम के सेल्समैन मोहित गुर्जर के साथ रंगदारी को लेकर मारपीट की गई थी। हमले में सेल्समैन के दो-तीन दांत टूट गए और उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई थीं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी दानिश कुरैशी 32 निवासी रामगंज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जयपुर उत्तर के रामगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है और वारदात के बाद से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र में मारपीट, अवैध वसूली और अवैध हथियारों से जुड़े करीब 16 मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी प्रकाश राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को उसके ठिकाने से दबोचा। इस कार्रवाई में कांस्टेबल अब्दुल आमीन की विशेष भूमिका रही। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## विशेष अभियान में पुलिस ने अवैध हथियार सहित युवक को दबोचा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक शातिर बदमाश को धारदार कटार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध हथियारों की धरपकड़ और रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त धर्मवीर सिंह के सुपरविजन में सिंधी कैंप थाना प्रभारी माधोसिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने इलाके में निगरानी रखते हुए सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राशिद मोहम्मद 32 निवासी कोटा को धारदार कटार के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में एएसआई सुरेश कुमार, कांस्टेबल सतवीर और श्रवण कुमार की विशेष भूमिका रही।

## मां नंदा सम्मान समारोह में रही गढ़वाली संस्कृति की धूम



**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गढ़वाल सभा जयपुर की ओर से रविवार को वैशाली नगर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में श्मां नंदा सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री मंजू बाघमार और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मातृशक्ति का सम्मान किया। इस मौके पर गढ़वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध लोक परंपराओं की मनोहारी झलक प्रस्तुत की। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने लोकगीतों और नृत्यों के माध्यम से गढ़वाली संस्कृति का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया, आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल शर्मा ने मां नंदा देवी का स्मरण करते हुए कहा- जय हो नंदा देवी, तेरी जय बोला, गढ़ कुमो की माता मेरी, जय बोला। शर्मा ने कहा कि देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत, नारी शक्ति के सम्मान और सामाजिक सौहार्द का यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायी है। मां नंदा को गढ़वाल क्षेत्र में ध्याणी अर्थात बेटी के रूप में पूजनीय माना जाता है, इसलिए उनके नाम पर मातृशक्ति का सम्मान समाज के लिए गौरव की बात है। विधायक शर्मा ने सांस्कृतिक एकता और होली के उल्लास को समर्पित इस सुंदर आयोजन के लिए गढ़वाल सभा सहित समस्त आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गढ़वाल सभा के अध्यक्ष जीपी कुकरेती, महासचिव दलबीर सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र इष्टवाल सहित अनेक प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

## एनएसएस विशेष शिविर के तीसरे दिन पौधों की देखभाल व महिला दिवस मनाया

**सीकर ( नवयत्न )।** राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में एनएसएस विशेष शिविर के तीसरे दिन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रेम परिहार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एनएसएस प्रथम इकाई अधिकारी मधुसूदन जांगिड़ तथा द्वितीय इकाई अधिकारी माधुरी कुमावत के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों को पानी दिलवाया गया। इस कार्य में सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण में ग्रामीण महिलाओं की अहम भूमिका : डॉ. दुलड़

**सीकर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भरतिया कृषि विज्ञान केंद्र फतेहपुर शेखावाटी में महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. आर. के. दुलड़ ने की। इस अवसर पर डॉ. दुलड़ ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं कृषि, पशुपालन और उद्यानिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीकों, पोषण वाटिका तथा स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई।

# विविध आयोजन के साथ महिलाओं का हुआ सम्मान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शहर भर में विभिन्न संस्थाओं की ओर से महिला सशक्तिकरण, फागोत्सव, भजन संध्या और सम्मान समारोह जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में महिलाओं के अधिकारों के साथ उनके आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य और निर्णय क्षमता जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में मालवीय नगर स्थित अनुविभा केंद्र के महाप्रज्ञ सभागार में गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 40 से 45 गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को समूहों में बांटकर महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर चर्चा कराई गई और आइडिया टू इंपैक्ट कार्य योजना तैयार की गई। इस दौरान ललिता बोथरा और संपत देवी कोठारी को ष्प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विमला दूगड़, कौशल्या जैन सहित महिला मंडल की पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहीं। इसी तरह शक्ति फाउंडेशन की ओर से स्किल



ट्रेनिंग स्कूल से जुड़ी महिलाओं के लिए होटल हयात पैलेस में विशेष लंच का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की संस्थापक सोनाक्षी वशिष्ठ ने बताया कि यह पहल महिलाओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का प्रयास है। अविरा क्लब के तत्वावधान में आयोजित फागोत्सव में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। भजन संध्या और राधा-कृष्ण की रासलीला से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। वहीं राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से भट्टारकजी की नसियां में वुमेन्स पावर-2026 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रेणू राणा और इंदिरा बडजात्या को नारी गौरव सम्मान तथा विभिन्न क्षेत्रों की 12 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, टॉक शो, मोटिवेशनल संबोधन और महिलाओं के स्वास्थ्य पर चर्चा भी हुई। दादू दयाल नगर, मानसरोवर में महिला पतंजलि योग समिति की ओर से योगाभ्यास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महिला दिवस मनाया गया। राज्य प्रभारी डॉ. सरिता गुर्जर के सानिध्य में योग, प्राणायाम और प्रेरक उद्बोधन आयोजित हुए। कार्यक्रम के अंत में शांति पाठ के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इन सभी आयोजनों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महिला दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## 95 की उम्र में सफल सर्जरी, काया हॉस्पिटल में डॉ बेनीवाल ने किया ऑपरेशन

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के निकटवर्ती मंडावा क्षेत्र के मोजास गांव निवासी भूतपूर्व सरपंच 95 वर्षीय मोटाराम एचरा के कूल्हे की फ्रैक्चर हड्डी का सफल ऑपरेशन काया हॉस्पिटल में डॉ संदीप बेनीवाल ने किया। अधिक उम्र के कारण यह सर्जरी जटिल मानी जा रही थी लेकिन डॉक्टर की विशेषज्ञता और मरीज के मजबूत मनोबल के चलते ऑपरेशन सफल रहा। डॉ संदीप बेनीवाल ने बताया कि मरीज के गिरने से कूल्हे में गंभीर चोट लगी थी। जांच के बाद पता चला कि कूल्हे की हड्डी फ्रैक्चर हो गई है और इसका एकमात्र उपचार ऑपरेशन ही है। मरीज की उम्र 95 वर्ष होने के कारण परिजन



भी ऑपरेशन को लेकर असमंजस में थे लेकिन डॉक्टर की सलाह और परिवार के साहस से ऑपरेशन कराने का निर्णय लिया गया। 28 फरवरी को काया हॉस्पिटल में सर्जरी की गई, जो पूरी तरह सफल रही। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत लगातार बेहतर होती रही। करीब 10 दिन बाद अब मोटाराम एचरा स्वयं को काफी सहज महसूस कर रहे हैं। मोटाराम एचरा ने सफल उपचार के लिए डॉ संदीप बेनीवाल का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें कुशल जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ बताया।

उन्होंने कहा कि डॉ की देखरेख और अस्पताल की सेवाओं से उन्हें काफी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि डॉ बेनीवाल दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल और राम मनोहर लोहिया अस्पताल से प्रशिक्षित हैं तथा उन्हें ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी का 10 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

## महिला दिवस पर मुएथाई खिलाड़ियों ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को मुएथाई खेल के खिलाड़ियों ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर उन्हें महिला दिवस की बधाई दी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया जिन्होंने मुएथाई खेल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। एशियाई ओलंपिक यूथ गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ी मुदित गुप्ता को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर श्रीराम मार्शल आर्ट के निदेशक और खिलाड़ियों के मेंटर श्रीराम चौधरी ने उपमुख्यमंत्री को मोमेंटो और मैगजीन भेंट की तथा मुएथाई खेल के बारे में जानकारी दी। दीया कुमारी ने खिलाड़ियों को इस खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हाल ही में हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय मुएथाई चैंपियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 33 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यूनाइटेड मुएथाई एसोसिएशन ऑफइंडिया के महासचिव श्रीराम चौधरी के निर्देशन में राजस्थान ने प्रतियोगिता में पहला रनरअप खिताब भी हासिल किया।

## रमजान में जरूरतमंदों को राहत किट बाट रही मुस्लिम महासभा

निसं

**लाडनूँ ( नवयत्न )।** स्थानीय मुस्लिम महासभा की युवा टीम द्वारा चलाई जा रही हर घर रमजान की खुशियां मुहिम के तहत प्रतिदिन करीब 70 घरों में इफ्तार किट पहुंचा कर राहत प्रदान की जा रही है।

महासभा अध्यक्ष अब्दुल मजीद लंगा और सदस्य अमजद दिलेर ने बताया कि रमजान का महीना इबादत ओर जरूरतमंदों की सेवा करने का महीना है। टीम द्वारा दिहाड़ी मजदूरी कर अपना परिवार पालन करने वाले घरों को चिन्हित कर उनके लिए सेहरी और इफ्तार की व्यवस्था की जा रही है। यह मुहिम पिछले सात वर्षों से निरंतर चलाई जा रही है। मुस्लिम महासभा के द्वारा कोरोना काल में भी जरूरतमंदों को ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया करवाने में भी टीम का सराहनीय प्रयास रहा। इस सराहनीय कार्य में तौकीर भाटी, शाहिद राठौड़, फैसल हँसोरिया, सोयब गोरी, सोनू बल्खी, वाहिद लीलगर, अयान पटवा, मोहम्मद खालिद, कैफ कुरेशी, अरमान बलखी, शकील, सोयब, आसिफ, परवेज आदि युवाओं का सामुहिक प्रयास रहा है।



## निःशुल्क पाक्षिक होम्योपैथी कैंप आयोजित




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा निःशुल्क पाक्षिक होम्योपैथी कैंप का 475 वां कैंप चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में लगाया गया। जिसमें श्रीमाथोपुर के अलावा पटवारी का बास, ढालियावास, लिसाडिया, नांगल, नाथुसर, कंचनपुर, होलियावास, अजीतगढ़, कांवट, खंडेला, होद, खेडी-जाजोद, जयरामपुराए सहित कई अन्य गाँवों के 136 मरीजों ने लाभ उठाया। इससे पहले कैंपो में 50000 से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया है। ये कैंप हर दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है। इनमे डॉ एस.एल. चौधरी द्वारा सभी तरह की पथरी, प्रोस्टेट, चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, टोंसिल्स, एलर्जी, माइग्रेन, फंगल इनफेंक्शन, जोडो का दर्द एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया तथा क्लब की ओर से 14 दिनों की दवाइयां निशुल्क दी गई। इस होम्योपैथी कैंप में डॉ एस एल चौधरी के साथ क्लब पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ माधव सिंह, क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद कसेरा, सचिव अमित गिनोडिया, मुकेश व्यास, विजय कुमार कसेरा एवं क्लब के और सदस्यों ने अपनी सेवाए दी।

## कवि सम्मेलन से होगा नवसवंत्सर का स्वागत

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नव सम्वत्सर 2083 के आगमन के अवसर पर झुंझुनूं में 17वां विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए नव वर्ष समारोह समिति के सचिव राजकुमार मोरवाल ने बताया कि प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चैत्र शुक्ला एकम् विक्रम सम्वत 2083 की पूर्व संध्या पर 18 मार्च, 2026, बुधवार को 17वां विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्री राणी सती जी मंदिर झुंझुनूं के सौजन्य से होने वाले इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगें। कवि सम्मेलन में श्री रानी सती मंदिर के ट्रस्टी देवेन्द्र झुनझुनवाला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी अतिथि रहेंगे। राजकुमार मोरवाल ने बताया कि भारतीय संस्कृति के रक्षण पोषण हेतु गत सतरह वर्षों से लगातार झुंझुनूं में नव संवत्सर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के रूप में मनाया जाता है। हजारों नागरिकों की उपस्थिति में होने वाले शेखावाटी के प्रसिद्ध एवं विराट कवि सम्मेलन में इस बार भी देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगें जिनमें अरूण जैमिनी, सुनिल जोगी, विनित चौहान, चिराग जैन, मनीषा शुक्ला, हरीश हिन्दुस्तानी काव्य पाठ करेंगे। जिसमें हास्य, वीर, श्रृंगार एवं देशभक्ति के रसों से परिपूर्ण यह कवि सम्मेलन शेखावाटी में अनूठा व बेजोड़ है। कवि सम्मेलन की व्यापक तैयारियां को अंतिम रूप देने के लिए एस एस मोदी विद्या विहार में समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बड़ाऊ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

जिसमें राजकुमार मोरवाल, मुकेश हलवाई, मनीष अग्रवाल, सूर्यकान्त टीबड़ा, बजरंग सिंह शेखावत, अनिल ढण्ड, राजेश गुप्ता, राजेश जुगाड़, सोमेश भारद्वाज, प्रेम प्रकाश मोदी, चिंटू नारनोली, दीपक नूआं, विनोद सिंघानियां, दिनेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, नरेन्द्र वर्मा, विपुल छक्कड़, गौवर्धन सैनी, पीके सिंह, अनिल मिश्रा, महेन्द्र सोनी, मुकेश फोटोग्राफर, कमल डालमिया, ओमप्रकाश शर्मा और संजय शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दाह संस्कार करते समय मधुमक्खियों ने किया हमला

# पीपीई किट पहनकर किया दाह संस्कार

निसं

**मलसीसर ( नवयत्न )।** कस्बे के पूर्व सैनिक हवलदार डूंगरमल योगी की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। जिनका अंतिम संस्कार रविवार दोपहर के समय मलसीसर शमशान भूमि में किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियों (घोड़ा मधुमक्खी) के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। जिससे श्मशान घाट पर लोग अपनी जान बचाते के लिए इधर उधर भागते नजर आए। जानकारी के अनुसार मलसीसर के डूंगरमल योगी पुत्र गुलाबनाथ योगी के निधन के बाद परिजन और ग्रामीण शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले गए थे। वहां अंतिम संस्कार की तैयारियां चल ही रही थी अग्नि जलाते ही अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस घटना में करीब 35 से 40 लोगों को मधुमक्खियों ने डंक मार दिया। जिनमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फोन कर एंबुलेंस को सूचना दी तथा घायलों को तुरन्त उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। श्मशान घाट पर करीब दो घंटे तक अंतिम संस्कार की प्रक्रिया रुकी रही। बाद में उप जिला अस्पताल से परिजनों ने पीपीई किट पहनकर सावधानी के साथ शव का अंतिम संस्कार किया।





### पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**एक्स सर्विसमैन हवलदार डूंगरमल योगी का सड़क दुर्घटना में निधन होने पर गौरव सेवा सेनानी समिति के द्वारा हवलदार डूंगरमल योगी को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस्पाक फौजी ने बताया की हवलदार योगी पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा आगे रहते थे। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। पूर्व सैनिकों की हर समस्याओं का समाधान करवाने के लिए हर समय तत्पर रहते थे। हवलदार डूंगरमल योगी गौरव सेवा सेनानी समिति के तहसील अध्यक्ष थे।**

# मोठ की मस्जिद से जुड़े ये फैक्ट्स नहीं जानते होंगे आप

**दिल्ली को भारत का दिल कहा जाता है, क्योंकि यह अपने आप में नयाब है। यहां की खूबसूरती विविधताओं को अपने अंदर समेटा हुआ है। दिल्ली कई मायनों में खास है और यहां पर मौजूद हर जगह का अपना अलग इतिहास है, जो न सिर्फ भारत में बल्कि पूरे विश्वभर में मशहूर हैं। यहां आपको एक तरह प्राचीन वास्तुकलाएं देखने को मिलेंगी, तो वहीं दूसरी ओर कई ऐतिहासिक चीजों का दीदार करने का मौका मिलेगा। यहां के मंदिर, मस्जिद और किले ....इतने खूबसूरत हैं कि आपको एक बार जरूर देखना चाहिए। यहां पर कई ऐसी मस्जिदें मौजूद हैं, जिनका दीदार किया जाना चाहिए। वैसे तो दिल्ली में मौजूद कई ऐतिहासिक मस्जिदें हैं, जहां आप ईद पर भी जाने का प्लान बना सकते हैं।**



### मोठ मस्जिद का इतिहास

मोठ मस्जिद दिल्ली में मौजूद खूबसूरत इस्लामिक इमारतमें से एक है। इसका इतिहास काफी रोचक रहा है, जिसे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा माना जाता है। मोठ मस्जिद को सन 1505 में लोदी वंश के सिकंदर लोदी के शासनकाल के दौरान प्रधान मंत्री वजीर मिया भोइया द्वारा बनवाई गई थी। यह दिल्ली सल्तनत के मध्ययुगीन दिल्ली के चौथे शहर में लोदियों द्वारा विकसित एक नए प्रकार की मस्जिद थी। बता दें इस मस्जिद को दाल मस्जिद भी कहते हैं, क्योकि इसे दाल की आय से बनाया गया था।

### मस्जिद मोठ की संरचना का क्या महत्व है?

मोठ मस्जिद फेमस पर्यटन स्थल है, जिसे विशाल धार्मिक स्थल और विशाल सांस्कृतिक वास्तुकला के लिए जाना जाता है। यहां हर साल लाखों पर्यटक आते हैं, ताकि वो इस महान स्थल की सुंदरता का दीदार कर सकें। अगर हम इसकी वास्तुकला की बात करें, तो इस मस्जिद को इंडो-इस्लामिक वास्तुशिल्प और लाल पत्थरों से बनाया गया है। जालीदार स्क्रीन वाली खिड़कियां, स्मारक और दो मंजिला टॉवर है। यह मस्जिद अपने खूबसूरत गुंबद के लिए भी जानी जाती है।

### क्या है खासियत?

वैसे तो हर जगह अपने आप में खास होती है, जिसका ऐतिहासिक महत्व भी काफी होता है। मगर इस मस्जिद की अलग की खासियत है। लोगों का मानना है कि यह मस्जिद मुस्लिम समुदाय के लिए बहुत खास है। लोग यहां 5 वक्त की नमाज पढ़ने के साथ-साथ इसकी वास्तुकला भी देखने आते हैं।

# मनमोहक वातावारण और खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है दार्जिलिंग

ब्रिटिश राज के तहत भारत की पूर्व ग्रीष्मकालीन राजधानी दार्जिलिंग, भारत के सबसे अधिक लोकप्रिय हिल स्टेशनों में से एक है। पश्चिम बंगाल का यह सुरम्य पहाड़ी गंतव्य रोमांटिक हनीमून के लिए भी आदर्श है। कई एकड़ चाय बागानों के बीच बसा दार्जिलिंग समुद्र तल से 2,050 मीटर ऊपर है और इसलिए यहां पूरे साल ठंडी जलवायु रहती है। दार्जिलिंग को अक्सर इसके पड़ोसी राज्य सिक्किम के स्थलों के साथ जोड़ा जाता है, जो इसे पूर्वी हिमालय के आश्चर्यों की खोज के लिए एक आदर्श प्रारंभिक बिंदु बनाता है। 1881 में स्थापित दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर का दर्जा दिया गया है। यह ट्रेन मैदानी इलाकों से अपनी यात्रा शुरू करती है और समुद्र तल से 2000 मीटर से अधिक ऊपर उठती है, और चलते-चलते पहाड़ों के मनमोहक दृश्य पेश करती है। दार्जिलिंग अपने चाय बागानों के लिए भी प्रसिद्ध है, यहां 86 से अधिक चाय बागान हैं जो दुनिया भर में प्रसिद्ध दार्जिलिंग चाय का उत्पादन करते हैं। दुनिया की तीसरी और भारत की सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा यहां से दिखाई देती है और आप चोटी के मनोरम दृश्य का आनंद ले सकते हैं। दार्जिलिंग के कुछ सबसे लोकप्रिय आकर्षणों में मठ, वनस्पति उद्यान, एक चिड़ियाघर और दार्जिलिंग-रंगजीत वैली पैसेंजर रोपवे केबल कार शामिल हैं, जो सबसे लंबी एशियाई केबल कार है। टाइगर हिल पहाड़ों के ऊपर अपनी पूरी भव्यता के साथ सूर्योदय देखने के लिए एक शानदार जगह है। दार्जिलिंग घूमने का सबसे अच्छा समय अप्रैल से जून के बीच है जब मौसम सुहावना होता है। हालाँकि, बहुत से लोग अक्टूबर से दिसंबर तक सर्दियों के महीनों के दौरान भी यहाँ आना पसंद करते हैं। जुलाई से अगस्त के महीनों में भारी वर्षा के कारण इस हिल स्टेशन में बहुत सारी बाधाएँ देखी जाती हैं और इसलिए इन महीनों के दौरान दार्जिलिंग का दौरा करना उचित नहीं है।

# पर्यटकों के लिए खास हैं कालाबुरागी नाम की ये जगह

**कर्नाटक में अगर कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको कालाबुरागी जाने का प्लान बनाना चाहिए। यहां आपको ऐसे किले देखने को मिलेंगे, जहां का नजारा वाकई आपको पूरी जिंदगी याद रहेगा। कालाबुरागी जिसे गुलबर्गा के नाम से भी लोग जानते हैं, माना जाता है कि यह किला वारंगल के राजा गुलचंद ने बनवाया था।**





## चंद्रमपल्ली बांध

अगर आप गुलबर्गा घूमने जा रहे हैं, तो आपको चंद्रमपल्ली बांध देखने जरूर जाना चाहिए। ये बांध चिंचोली जंगल से घिरा हुआ है, यहां चारों तरफ आपको हरियाली देखने को मिलेगी। यह जगह उन लोगों के लिए बहुत अच्छी है जो शांति और आराम चाहते हैं। इस जग आप पिकनिक मनाने आ सकते हैं। गुलबर्गा से लगभग ढाई घंटे की दूरी पर ये जगह है। यहां आप ट्रैकिंग के लिए जा सकते हैं। यहां पहाड़ से आप चंद्रमपल्ली गांव देख सकते हैं और दूसरी तरफ बांध का नजारा आपका मन मोह लेगा।



## कालाबुरागी किला

20 एकड़ क्षेत्र में फैला कालाबुरागी किला वाकई एक अद्भुत खोज है। इस किले की दीवारों के बीच 30 फीट की गहरी खाई बनाई गई है। माना जाता है कि राजा ने इसे दुश्मनों से सुरक्षा के लिए बनाया था। किले में कुल 26 तोप भी रखे गए हैं, जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। गुलबर्गा किले के पास एक मस्जिद है, जो फोटो खींचने के लिए एक बहुत अच्छी जगह है। किला 5:30 बजे बंद हो जाता है, इसलिए आप समय पर पहुंचें।

## मालाखेड़ा किला

गुलबर्गा में कालाबुरागी किले के अलावा मालाखेड़ा किला भी फेमस है। यह गुलबर्गा से लगभग 40 किमी की दूरी पर स्थित है। पहले इस किले को मान्यखेत के नाम से जाना जाता था। इस किले में कुल 4 प्रवेश द्वार है।

## चोर गुम्बज

ये किला एक पहाड़ी पर स्थित है, जो इस किले की सबसे खास बात यह है कि यहां अंदर आपको एक साथ बोलने पर सात गूंजे सुनी जा सकती हैं।

## ख्वाजा बंदे नवाज की दरगाह

यह दरगाह हजरत रुकनुद्दीन और उनके ब्राह्मण मित्र की याद में बनाई गई है। यह स्थान दोस्ती का सच्चा प्रतीक है, क्योंकि इससे यह साबित होता है कि दोस्ती कोई सीमा या धर्म नहीं मानता।

# प्रकृति की गोद में बसा है हिमाचल का यह खूबसूरत गांव, वीकेंड पर बनाएं घूमने का प्लान

भारत अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरे विश्व में फेमस है। भारत की अद्भुत प्राकृतिक नजारों के दीदार करने के लिए किसी पहाड़ी जगह पर जरूर जाना चाहिए। भारत के पहाड़, झील, झरने और वनस्पतियों से समृद्ध घने जंगल पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। वैसे तो भारत में घूमने के लिए कई ऐसे जगहें हैं, जो आपके मन को मोह लेंगी। लेकिन हिमाचल प्रदेश का लगभग हर स्थल दार्शनिक है। यहां पर गांवों से लेकर घाटी तक पर्यटकों का जमावड़ा लगता है। हर साल हिमाचल प्रदेश की सुंदरता को निहारने के लिए यहां पहुंचते हैं। अधिकतर लोग हिमाचल का नाम सुनते ही शिमला या मनाली के बारे में सोचने लगते हैं। बता दें कि हिमाचल में इन जगहों के अलावा भी घूमने के लिए कई पर्यटक स्थल हैं। जहां पर शांत वातावरण में आप आराम और सुकून के पल बिता सकते हैं। साथ ही आपका अधिक पैसा भी खर्च नहीं होगा। हिमाचल में शिमला-मनाली के अलावा तोष गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। जो बेहद खूबसूरत और बजट फ्रेंडली है। यहां पर आपको कई हसीन और खूबसूरत जगह देखने को मिलेंगी।



## तोष में यहां घूमें

अगर आपको भी प्राकृतिक सुंदरता को पास से देखने का मन है, तो आप हिमाचल प्रदेश के पार्वती घाटी पर तोष नामक गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। बता दें कि यह गांव समुद्र तट से करीब 7900 की ऊँचाई पर बसा है। शहर की भागदौड़ और शोर-शराबे से दूर इस गांव में आप सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं। यहां पर आप झरने, झील और बर्फ से ढके पहाड़ आपके मन को मोह लेंगी।

## तोष में ट्रेकिंग

इसके अलावा इस गांव में आपको कई तरह की एक्टिविटी का भी मजा ले सकते हैं। यहां पर ट्रेकिंग कर सकते हैं, जो आपके बजट में होगा। पार्टी के लिए भी यह बेहतरीन जगह है। आप चाहें तो तोष की लोकल पार्टी में भी शामिल हो सकते हैं।

## तोष घूमने का खर्च

हिमाचल के तोष गांव में स्टे के लिए आपको रुकने के लिए कोई बड़ा होटल नहीं मिलेगा। हांलाकि यहां पर रुकने के लिए रिजॉर्ट है। इसके साथ ही गांव वालों के घर पर भी आपको रुकने की व्यवस्था हो सकती है। यहां पर आपको प्रकृति को करीब से देखने का अनुभव मिल सकता है। यहां पर रहना और खाना अन्य जगहों से काफी सस्ता है।

## कब पहुंचे तोष

अगर आप भी तोष जाने का प्लान बना रहे हैं, तो सर्दियों में यहां जा सकते हैं। तोष में स्नोफॉल और बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच आप बेहद अच्छा समय यहां पर बिता सकते हैं। हांलाकि तोष काफी ऊंचाई पर है, इसलिए यहां पहुंचने में थोड़ी सी मुश्किल हो सकती है।

# स्वादिष्ट पंजाबी व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है अमृतसर

**अमृतसर, जिसे आम बोलचाल की भाषा में अंबरसर के नाम से जाना जाता है, इतिहास और आध्यात्मिकता से भरपूर एक शहर है। यह भारत के दूसरे सबसे बड़े शहर के रूप में, पंजाब के मध्य में एक प्रमुख सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्र के रूप में खड़ा है।**

यह शहर सिख धर्म के सबसे पवित्र मंदिर स्वर्ण मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। पवित्र अमृत सरोवर (अमृत का तालाब) से घिरा यह भव्य मंदिर सिख वास्तुकला का एक प्रमाण है और सभी लोगों का खुली बांहों से स्वागत करता है। अमृतसर सिख धर्म का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है।

यह स्थान जलियांवाला बाग हत्याकांड और वाघा सीमा से निकटता के लिए भी जाना जाता है। अमृतसर व्यापार और पर्यटन उद्योगों वाला एक संपन्न शहर है। अमृतसर की हलचल भरी सड़कों पर घूमते हुए तमाम तरह के बाजार दिखते हैं जहाँ स्थानीय व्यंजन, रंगीन कपड़े और पारंपरिक शिल्प इंद्रियों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। इस शांतिपूर्ण शहर में दिन की शुरुआत गुरुद्वारों से आध्यात्मिक प्रार्थनाओं के साथ होती है।

पाक कला के शौकीनों को अमृतसर की समृद्ध लजीज व्यंजन का आनंद मिलेगा। यह शहर अपने स्वादिष्ट पंजाबी व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है, जिनमें अमृतसरी कुल्चा, मक्की दी रोटी और सरसों दा साग शामिल हैं। हलचल भरी सड़कें स्ट्रीट फूड स्टालों की चकाचौंध से जीवंत हो जाती हैं, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों को पंजाब के स्वाद का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करती हैं। अमृतसर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक सर्दियों के महीनों के दौरान है, जब मौसम सुहावना होता है, जिससे पर्यटक आराम से शहर का भ्रमण कर सकते हैं।

भारत के सबसे अधिक कृषि उत्पादक शहरों में से एक, अमृतसर भारत के अधिकांश महत्वपूर्ण शहरों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

# पर्यटन के लिए खास है जयपुर के ये हिल स्टेशन

शहरी जीवन में काम करते-करते जब व्यक्ति थक जाता है तो वह खुद को मानसिक रूप से आराम देना चाहता है और इसलिए भागदौड़ भरी जिन्दगी से दूर प्रकृति की गोद में कुछ वक्त बिताना चाहता है। ऐसे में हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना यकीनन एक अच्छा विचार हो सकता है। हिल स्टेशनों का शांत वातावरण शरीर और मन को फिर से तरोताजा कर देता है। आप भी अगर जयपुर में रहते हैं तो ऐसे में इसके करीब कुछ हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करने का मन बना सकते हैं।



## माउंट आबू

माउंट आबू पूरे राजस्थान का सबसे बड़ा हिल स्टेशन है। यह हिल स्टेशन पूरे देश में काफी फेमस है और यहां पर काफी टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं। अरावली पहाड़ियों से घिरा, यह हिल स्टेशन अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। इस खूबसूरत हिल स्टेशन में खूबसूरत नक्की झील है। इतना ही नहीं, यहां पर मौजूद मंदिर भी काफी फेमस हैं। जिनमें से विस्मयकारी दिलवाड़ा मंदिर बेहद ही विशेष है। इस हिल स्टेशन की जयपुर से दूरी लगभग 500 किमी है। आप अगर कार से यहां जाते हैं तो जयपुर से माउंट आबू पहुंचने में लगभग 8 घंटे लगेंगे।

## रणकपुर

रणकपुर एक छोटा सा हिल स्टेशन है जो अरावली से घिरा हुआ है और उदयपुर से उत्तर की ओर लगभग 95 किमी दूर स्थित है। रणकपुर एक महत्वपूर्ण जैन तीर्थस्थल रहा है और यहां पर कुछ प्राचीन मंदिर भी स्थित है। इस पहाड़ी शहर का नाम महान राजपूत राजा राणा कुम्भा के नाम पर रखा गया है। यदि आप जयपुर के निकटतम हिल स्टेशन की तलाश में हैं तो रणकपुर जाना अच्छा विचार हो सकता है। जब आप यहां पर हैं तो रणकपुर जैन मंदिर, मुच्छल महावीर मंदिर, सूर्य नारायण मंदिर आदि को जरूर देखें। इसके अलावा, यहां पर ट्रैकिंग करने से लेकर ऊंट की सफारी करने का भी अपना एक अलग ही मजा है।

## पंचकुला

अगर जयपुर के करीब आप किसी खूबसूरत हिल स्टेशन पर जाना चाहते हैं तो पंचकुला घूमने का विचार भी बना सकते हैं। पंचकुला में आपको हरियाली और वन्य जीवन को देखने का मौका मिलेगा। यह हिल स्टेशन इसमें बहने वाली पांच प्राचीन नहरों के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा, पूरे क्षेत्र में कई खूबसूरत बगीचे फैले हुए हैं। पंचकुला में आप ट्रैकिंग से लेकर बोटिंग व कुछ ऐतिहासिक जगहों की यात्रा कर सकते हैं। आपको यहां पर मोरनी हिल्स, पिंजौर गार्डन, कैक्टस गार्डन, नाडा साहिब जैसी जगहों को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

## मसूरी

मसूरी को क्वीन ऑफ हिल्स या पहाड़ों की रानी के रूप में जाना जाता है। यहां की खूबसूरती यकीनन आपका मन मोह लेगी। 7,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह हिल स्टेशन घूमने के लिए यकीनन एक बेहतरीन जगह है। यहां पर कई व्यू प्वॉइंट, ट्रैकिंग ट्रेल्स, मंदिर, वॉटरफॉल आदि मौजूद हैं।

# दक्षिण भारत की ये जगहें आपको जन्नत में होने का कराएंगी एहसास

दक्षिण भारत देश का एक ऐसा हिस्सा है, जिसकी खूबसूरती पूरी दुनिया में फेमस है। इसलिए दक्षिण भारत की खूबसूरती देखने के लिए विश्व के हर कोने से पर्यटक पहुंचते रहते हैं। दक्षिण भारतीय राज्य केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में ऐसी कई हसीन और अद्भुत जगहें मौजूद हैं, जिन्हें किसी भी मौसम में एक्सप्लोर करना किसी जन्नत से कम नहीं है।

**एलेप्पी :** अगर आप भी मार्च के महीने में दक्षिण भारत की किसी हसीन जगह को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, आपको एल्लेपी शहर जरूर पहुंचना चाहिए। एल्लेपी केरल की सबसे खूबसूरत और हसीन जगहों में से एक है। यह जगह समुद्री बीच, मनमोहक बैकवाटर और लैगून की वजह से पूरी दुनिया में फेमस है। एल्लेपी की खूबसूरती के कारण इसको पूर्व का वेनिस भी कहा जाता है। यह हनीमून डेस्टिनेशन के रूप में भी फेमस है। वहीं नेचर लवर्स के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

**एलेप्पी में घूमने की जगहें :** एल्लेपी समुद्र तट, कुट्टनाड, वेम्बनाड झील, कुमारकोम पक्षी अभयारण्य, श्री नागराजा मंदिर और हाउसबोट्स का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**कूर्ग :** दक्षिण भारत के कर्नाटक में स्थित कुर्ग पर्यटकों की पहली पसंद है। यहां की खूबसूरती का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि इसको भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। गोदावरी नदी के तट पर स्थित कुर्ग की खूबसूरती किसी के भी मन को चंद मिनटों में मोहित कर सकती है। साथ ही आपको यहां की नाइट लाइफ नहीं मिस करनी चाहिए।

**कूर्ग में घूमने की जगहें :** एबी फॉल्स, ताडियनडामल पीक, केर झील, ओंकारेश्वर मंदिर और मदिकेरी किला।

**कोडाइकनाल :** जब भी तमिलनाडू में घूमने की बात आती है, तो लोग कन्याकुमारी, चेन्नई, ऊटी या फिर रामेश्वरम घूमने का प्लान बनाते हैं। लेकिन अगर आप मार्च महीने में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको कोडाइकनाल जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह तमिलनाडु का एक खूबसूरत हिल स्टेशन और फेमस हनीमून डेस्टिनेशन है।

# एडवेंचर लवर हैं या फिर प्राकृतिक खूबसूरती को निहारने के शौकीन, रामेश्वरम करता है हर तरह के पर्यटकों का स्वागत

भारत में भगवान राम से जुड़े कई सारी जगहें हैं, लेकिन रामेश्वरम उनमें से सबसे ज्यादा प्रसिद्ध जगह है। कहा जाता है कि श्रीराम ने यहां भगवान शिव की पूजा की थी। इसलिए इसे राम के ईश्वर यानी रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है। कहते हैं कि उस समय पंबन द्वीप भारत भूमि से जुड़ा हुआ था, बाद में यह मुख्य भूमि से अलग होकर एक छोटा द्वीप बन गया। अब यह द्वीप एक रेल-पुल के द्वारा जुड़ा हुआ है, जिसे पंबन ब्रिज कहते हैं। इसी के नजदीक श्रीराम द्वारा लंका चढ़ाई के लिए पुल का निर्माण किया गया था। धनुषकोड़ी नामक इस जगह पर आज भी इसके अवशेष देखने को मिलते हैं। यह एक ऐसी जगह है, जहां धार्मिक लोग ही नहीं, बल्कि प्राचीन भवनों के निर्माण में रुचि रखने वालों की भी भीड़ देखने को मिलती है।



## रामनाथस्वामी मंदिर

यह यहां का सबसे खास आकर्षण है। इसका धार्मिक महत्व इसलिए बढ़ जाता है, क्योंकि इसे भगवान शिव के पवित्र बारह ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक माना जाता है। यहां दो शिवलिंग है- रामनाथ और विश्वंतर। कहते हैं कि जब श्रीराम ने यहां शिव जी की पूजा के बारे में सोचा तो उन्होंने हनुमान जी को कैलाश पर्वत से शिवलिंग लेकर आने के लिए कहा। उनके लौटने में देर होने पर उन्होंने सीता जी द्वारा बनाए गए रेत के शिवलिंग की पूजा कर ली। बाद में जब हनुमान शिवलिंग लेकर आए, तो रेत के शिवलिंग की जगह उसे स्थापित करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह शिवलिंग अपनी जगह से हिला नहीं। तब उसके साथ-साथ दूसरे शिवलिंग को भी विधिवत स्थापित किया गया और श्रीराम ने हनुमान के श्रम का मान रखने के लिए कहा कि यहां हमेशा पहले तुम्हारे द्वारा लाए गए शिवलिंग की पूजा होगी, उसके बाद मेरे द्वारा पूजे गए रामनाथ की। इस परंपरा का पालन आज भी किया जाता है।

## पंबन ब्रिज

यह भारत का पहला समुद्री पुल है। रामेश्वरम तक पहुंचने के लिए यही एकमात्र रास्ता है। पंबन ब्रिज 1914 में बनाया गया था। उस समय से 2010 तक मुंबई में सी लिंक बनने तक यह भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल रहा। आप चाहे यहां रेल मार्ग से जा रहे हों या सड़क मार्ग से, दोनों ओर फैला समुद्र का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है।

### मन्नार की खाड़ी मरीन नेशनल पार्क

रामेश्वरम से टूटीकोरिन द्वीप तक मरीन नेशनल पार्क है। मन्नार की खाड़ी एक यूनेस्को बायोस्पीयर रिजर्व है। यह रिजर्व अपने समुद्री जैव विविधता के लिए जाना जाता है। समुद्री वनस्पतियां और जीवों की चार हजार से ज्यादा प्रजातियां इसे और ज्यादा खास बनाती हैं।

## विश्व के सबसे ऊँचे पोलिंग स्टेशन तक साइकिल से पहुँचे मऊ के शर्मा



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कहते हैं आज की दुनिया में मुश्किल कोई काम नहीं, कुछ कर दिखाने का जज्बा अगर है तो नामुमकिन को मुमकिन कर देता है, ऐसा ही वाक्या मऊ निवासी अभिषेक शर्मा ने कर दिखाया है, दुनिया के पहले राजस्थानी और दुनिया के तीसरे साइकिलिस्ट बने, पर्यावरण बचाने का दिया संदेश। ताशीगंग पोलिंग स्टेशन विश्व के सबसे ऊँचे पोलिंग स्टेशन पर आज एक अनोखी उपलब्धि दर्ज हुई। राजस्थान के सीकर जिले के मऊ निवासी अभिषेक शर्मा युवा साइकिलिस्ट अभिषेक शर्मा 7 मार्च को दोपहर 2:42 बजे साइकिल के साथ ताशीगंग पोलिंग स्टेशन पहुँच गए। इस उपलब्धि के साथ वे दुनिया के पहले राजस्थानी और दुनिया के तीसरे साइकिलिस्ट बन गए जिन्होंने यहाँ तक साइकिल से पहुँचकर नया कीर्तिमान बनाया। यह यात्रा केवल एक एडवेंचर नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण और युवाओं में जागरूकता फैलाने का मिशन भी है। अभिषेक शर्मा ने इस अभियान को वोट फॉर नेचर एंड ग्रो राजस्थान नाम दिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य राजस्थान में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विशेष रूप से सीकर जिले को क्लीन और ग्रीन सिटी बनाने का संदेश देना है। अभिषेक का मानना है कि अगर युवा अपने जन्मदिन पर 12 केक काटने की जगह 12 पेड़ लगाएँ तो राजस्थान की बढ़ती गर्मी को काफी हद तक कम किया जा सकता है और प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता भी बढ़ेगी। गौरतलब है कि यह साइकिल यात्रा राजस्थान से शुरू होकर आज 100 दिन पूरे कर चुकी है। इस दौरान अभिषेक हजारों किलोमीटर का सफर तय करते हुए पहाड़ों और कठिन रास्तों से गुजरते हुए हिमाचल प्रदेश के स्पीति क्षेत्र तक पहुँचे हैं। अभिषेक शर्मा ने बताया कि उनका अंतिम लक्ष्य साइकिल से कैलाश मानसरोवर पहुँचना है। इस पूरी यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देना और लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाना है। उनकी इस अनोखी पहल को सोशल मीडिया और स्थानीय लोगों का भी अच्छा समर्थन मिल रहा है। अभिषेक का कहना है कि अगर युवा ठान लें तो पर्यावरण बचाने की यह छोटी-छोटी पहल एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकती है।

## धूमधाम से हुआ गणगौर पूजन और पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सोलह दिवसीय गणगौर पूजन के छठे दिन रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में गणगौर पूजन किया गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सानिध्य में एक हजार से अधिक महिलाओं ने अखंड सुख-सौभाग्य और सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ पूजन किया। सजी धजी महिलाओं ने माता पार्वती के स्वरूप गणगौर तथा भगवान भोलेनाथ के स्वरूप ईसर का विधिवत पूजन किया। गणगौर पूजन के लिए महिलाएं लाल रंग के पारंपरिक परिधान और राजस्थानी आभूषण पहनकर मंदिर पहुंचीं। पारंपरिक लोकगीत गाते हुए महिलाओं ने समूह में भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। गणगौर माता के होली से तिलक लगाकर काजलए मेहंदी सहित अन्य सुहाग की सामग्री अर्पित की। इससे पहले दूब से माता रानी को जल के छींटे दिए। इस दौरान अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। वेद माता गायत्री, ठाकुर श्री राधा गोविंद देव जी गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा का षोडशोपचार पूजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के दिनेश आचार्य और डॉ. अजय भारद्वाज ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कराया। भारद्वाज ने सुखद दाम्पत्य जीवन के सूत्र बताए। दस पारी में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर परिवार और समाज के मंगल की कामना की। पहली बार गणगौर पूजन कर रही नव विवाहिताओं को गायत्री परिवार की ओर सुहाग की सामग्री भेंट की गई। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। गणगौर पूजन में शामिल होने वाली सुहागिन महिलाओं ने आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर गायत्री चेतना केंद्र जनता कॉलोनी की ओर से साहित्य स्टॉल लगाई गई।

## सर्व समाज नारी गौरव सम्मान 2026 आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महिला दिवस के अवसर पर डॉ अम्बेडकर उत्थान परिषद द्वारा कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा जयपुर स्थित सियाम ऑडिटोरिम में अविनाश गहलोत केबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के मुख्य आतिथ्य में छठा सर्व समाज नारी गौरव सम्मान 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सहाय वर्मा विधायक निवाई-पीपलू ने की, प्रकाश चन्द्र चौहान आईआरएस व अनिल कुमार गोठवाल विशिष्ट अतिथि रहे। सम्मान समारोह के सहसंयोजक श्रीमाधोपुर निवासी वेदप्रकाश बारोलिया ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित कर महिला गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा होली स्नेह मिलन के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति द्वारा जिला प्रभारी गीता जी नूनियां के निर्देशन में संगठन प्रभारी शशिबाला नूनियां के निज निवास पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित महिलाओं-प्रधानाचार्य, कॉलेज व्याख्याता एवं अन्य गणमान्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य भगवती वर्मा ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य सुलोचना सिंह उपस्थित रहीं।

विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रधानाचार्य रुक्मणी शेखसरिया एवं कॉलेज व्याख्याता पूनम शर्मा शामिल रहीं। जिला प्रभारी गीता नूनियां ने मंचासीन अतिथियों के साथ समिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पाँच बहनों को साफा पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में समिति की युवती प्रभारी अनीता जी खीचड़ को एस. आई. बनने पर माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मीडिया प्रभारी दिव्या आबूसरिया, नवलगढ़ तहसील प्रभारी संतोष झुंझुनू तहसील प्रभारी संतोष जालान तथा संगठन प्रभारी शशिबाला नूनियां का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इसके बाद सभी बहनों ने गुलाल से तिलक लगाकर, मालाएँ पहनाकर तथा फूलों से होली खेलते हुए होली स्नेह मिलन का आनंद लिया। कार्यक्रम में सांवरिया सेठ की सुंदर धमाल प्रस्तुत करते हुए ढ़प की थाप पर राजस्थानी परंपरा के साथ बहनों ने नृत्य कर उत्सव मनाया। समिति की संवाद प्रभारी संतोष चौधरी व सिंघाना तहसीलप्रभारी राजबाला यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। अंत में चिड़ावा तहसील की पदाधिकारी सावित्री एवं श्यामा ने समिति की ओर से जिला प्रभारी गीता नूनियां को फूलमाला एवं सोल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन सभी बहनों द्वारा सामूहिक जलपान के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

# समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक : सुराणा

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को डीओआईटी वीसी सभागार में जिला स्तरीय महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम हनुमानगढ़ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारियों ने शिरकत की। इस मौके पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से बालिका शिक्षा और महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शिक्षित और स्वस्थ बालिका ही सशक्त समाज की आधारशिला होती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हम समाज में महिलाओं के सम्मान और समान अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनकी भागीदारी को और मजबूत करना है। सीईओ श्वेता कोचर ने सुदृढ़ व शिक्षित समाज के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी पर विचर व्यक्त किए। इस दौरान आईसीडीएस डीडी डॉ. नरेन्द्र शेखावत व महिला अधिकारिता उपनिदेशक राजेन्द्र शेखावत ने स्वागत किया तथा महिला दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों में जिला स्तरीय पुरस्कार की व्यक्तिगतध्संस्था श्रेणी में मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान को प्रथम पुरस्कार 7500 रुपये, प्रशस्ति पत्रए दुशाला एवं मोमेंटो, निलायम वेलफेयर फाउंडेशन चूरू को द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपये, प्रशस्ति पत्र, दुशाला एवं मोमेंटो एवं रेणु को तृतीय पुरस्कार 2500 रुपये, प्रशस्ति पत्र, दुशाला एवं मोमेंटो को प्रदान किया गया। इसी क्रम में पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान योजना की जिला स्तरीय महिला एवं बाल विकास कर्मी श्रेणी में नन्दू कंवर, संजू देवी, द्रोपदी देवी, संजू स्वामी को 11-11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र, दुशाला एवं मोमेंटो तथा जिला स्तरीय दानदाता/सीएसआर गतिविधि श्रेणी में चूरू विकास सेवा समिति को प्रशस्ति पत्र, दुशाला एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत जिला स्तरीय स्वास्थ्य एवं माहवारी प्रबंधन के क्षेत्र में आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए डॉ उषा कस्वां को प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बैंकर्स श्रेणी में एलडीएम राहुल देवराय गोले तथा करण सिंह सिसोदिया को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए संजू देवीए शशी, अंकिता, सुमन, पूजा योगी, राजकोर, भावना मान आदि महिलाओं को सम्मानित किया।

खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कियारा सैनी, नीरज कंवर, रूचिका राठौड़ और अनिता कंवर को सम्मानित किया गया। वहीं माता यशोदा पुरस्कार से सावित्री, ओम कंवर, स्नेहलता औझा, ममता सैनी, अफसाना बानो और ज्योति कंवर को सम्मानित किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर कृष्णा, कीर्ति, प्रीति, सुमन, भूपेन्द्र सिंह, अंकित सैनी, हेमन्त सिंह, सुमन चौधरी, मंजू दैया, शारदा कंवर, विक्रम तथा ज्योति सहित महिला अधिकारिता विभाग व व आईसीडीएस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर रक्तदान शिविर में 70 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विद्याश्रम ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन वीओएसए और आनंद शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से रविवार को भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम जयपुर में 23वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया। विद्याश्रम के असामयिक दिवंगत छात्रों और शिक्षकों की स्मृति में आयोजित शिविर का शुभारंभ सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने किया और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विधायक शर्मा ने कहा कि रक्तदाता वास्तव में जीवन दाता होते हैं। रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और एक यूनिट रक्त से 3 से 5 जरूरतमंदों को नया जीवन मिल सकता है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी की भी सराहना की।

वीओएसए अध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला दिवस के अवसर पर पल्लवी शर्मा, निकिता चौधरी, गायत्री भुटानी, शिल्पी भार्गव और संस्कृति खुटेंटा सहित करीब 25 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक और इटरनल हार्ट केयर सेंटर ईएचसीसी की टीम के सहयोग से शिविर में 70 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका था और रक्तदान जारी था। संरक्षक राहुल शर्मा ने बताया से के चेयरमैन राजीव जैन ने भी रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। शिविर में चिकित्सक, व्यवसायी, बिल्डर, इंजीनियर और बैंक कर्मियों सहित कई प्रथम बार रक्तदाताओं ने भी भाग लिया।

बाइक-स्कार्पियों टक्कर

## हादसे में युवक की मौत



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** शहर के बाइपास रोड पर रविवार दोपहर बाद सड़क हादसे में एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना पेट्रोल पंप के पास हुई जहां एक बाइक और स्कार्पियों गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। श्रीमाधोपुर पुलिस थाने के एएसआई गिरधारीलाल ने बताया कि मृतक की पहचान सीमारला-जागीर निवासी राकेश मीणा पुत्र श्रवण मीणा के रूप में हुई है। बाइक सवार बाइपास से खंडेला रोड की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाइक स्कॉर्पियो के नीचे आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। शव को राजकीय सीएचसी श्रीमाधोपुर ले जाया गया। हादसे की खबर फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक राकेश मीणा अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और अविवाहित था। वह मजदूरी कर परिवार का लालन-पालन कर रहा था। बताया जा रहा है कि राकेश बाइक से उदयपुरवाटी अपनी मौसी के घर जा रहा था तभी श्रीमाधोपुर में यह हादसा हो गया।

## चिकित्सा शिविर आयोजित

निसं

**सालासर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, सालासर में आँचल प्रसूता केंद्र की ओर से विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रभारी डॉ. सरोज साईं द्वारा बड़ी संख्या में महिलाओं की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें पोषाहार किट वितरित किए गए। इस अवसर पर महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, स्त्रीरोग एवं प्रसूति परिचर्या से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही योग एवं प्राणायाम के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया और महिलाओं को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। मनोज पुजारी, सालासर के सौजन्य से महिलाओं को फलाहार भी वितरित किया गया। इस दौरान अजीत साईं, श्रवण ढ़िढ़ारिया, सूर्यप्रकाश शर्मा, राजकुमार सैन, अमित कुमार, बुलकेश कुमारी, सुभिता कंवर, सुशीला प्रजापत, कमलेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. सरोज साईं ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## तीन नकबजनों को पकड़ा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलाके में हुई नकबजनी की वारदात करने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 10 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और विदेशी मुद्रा बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलाके में हुई नकबजनी की वारदात करने वाले अजय सिंह उर्फगोपी 34 निवासी जामडोली, अजय गुप्ता 27 निवासी सुमेल रोड जामडोली और सूरज प्रजापत 35 निवासी तीतरवाड़ा जिला दौसा हाल जामडोली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे के आदी हैं और चोरी का माल बेचकर या गिरवी रखकर मिले पैसों को नशे में खर्च करते हैं। आरोपी अजय सिंह और अजय गुप्ता के खिलाफपूर्व में सांगानेर, तूंगा और कानोता थानों में चोरी, किडनैपिंग और आबकारी अधिनियम के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने की चेनए अंगूठियां, चांदी के कड़े, पायजेब, चांदी की सिल्ली तथा दुबई और रियाल की विदेशी मुद्रा बरामद की है। थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह ने बताया कि 14 जनवरी 2026 को परिवादी रमेश चंद बैरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 जनवरी को वह अपने घर आशियाना कॉलोनी पर ताला लगाकर ससुराल गया था। इसी दौरान अज्ञात बदमाश मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और सोने की अंगूठियां, चेनए कुंडलए करीब 750 ग्राम चांदी के कड़े, चांदी की ईंट, सिक्के, गुल्लक में रखी नकदी तथा करीब 700 दुबई दिरहम की विदेशी मुद्रा चोरी कर ले गए। इस घटना के खुलासे के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साधनों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई और बरामदगी में हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह की विशेष भूमिका रही।

## भात भरने आए 16 रिश्तेदारों को तेज रफ्तार कार ने कुचला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जमवारामगढ़ से बस्सी आकर 16 लोगों को रिश्तेदारों का भात भरना भारी पड़ गया। डीजे की धुन पर नाचते-गाते समय एक तेज रफ्तार कार ने 16 लोगों को गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिसके बाद भात की खुशियां चकनाचूर हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी 16 घायलों को बस्सी के प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। हालांकि इस हादसे में किसी ने कोई मामला दर्ज नहीं कराया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को जमवारामगढ़ से 50 लोग भात भरने के लिए बस्सी आए थे। एनडीपीसी मोड पर रात करीब 9 बजे भात भरने 50 लोग डीजे पर नाचते.गाते मालियों की ढ़ाणी जा रहे थे। तभी डीजे के पीछे धीरे.धीरे चल रही ऑल्टो कार के चालक से ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दब गया। जिससे कार ने अचानक से रफ्तार पकड़ ली और डीजे पर नाच रहे 16 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे चिकित्सक ने जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## सम्मान समारोह आज

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ के तत्वावधान में कर्तव्यनिष्ठ महिला कार्मिकों के लिए उपखंड स्तरीय विशिष्ट उपलब्धि सम्मान समारोह सोमवार को अजीतगढ़ में आयोजित किया जाएगा जिसमें विभागीय अभिशंषा वाली महिला कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह का कार्यक्रम अजीतगढ़ के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित होगा। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के ब्लॉक संयोजक शंकरलाल शर्मा ने बताया कि अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट और सर्वश्रेष्ठ सेवाएं देने वाली महिला कार्मिकों को प्रोत्साहित करना इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की परम्परा रही है। जिला सदस्य दिनेश गोविन्द शर्मा ने बताया कि सरकारी एवं निजी क्षेत्र के विभिन्न विभागों एवं सामाजिक मंचों पर कार्यरत महिला कार्मिकों को इस सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के अधिकारों के लिए जागरुकता फैलाने के लिए समर्पित है।

## जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उपनिदेशक महिला अधिकारिता सीकर राजेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला परिषद सभागार सीकर में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा उत्साहपूर्वक देखा गया। लाइव प्रसारण के उपरांत जिला स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत ्त्वनक जव । क्ंनहीजमत अभियान की शुरुआत करते हुए बेटी बचाओं, बेटी पढाओं लोगों युक्त एवं पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देने के लिए जूट बैग का विमोचन जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने अपने संबोधन में महिलाओं एवं बालिकाओं के संरक्षण तथा सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समाज में बेटियों को समान अवसर प्रदान करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में बेटा.बेटी के भेदभाव को समाप्त कर दोनों को समान अवसर प्रदान करना आवश्यक हैए तभी समाज का समग्र विकास संभव है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने ष्बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत सीकर जिले का लगातार दूसरी बार राज्य स्तर पर चयन होने पर महिला अधिकारिता विभाग, सीकर के उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार चौधरी को बधाई दी तथा विभागीय कार्मिकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना पुरस्कार तथा यशोदा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना पुरस्कार की व्यक्तिगत श्रेणी में डॉ. अभिलाषा रणवा एवं डॉ. प्रिया मील को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार चौधरी द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण तथा विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## जामुन का पेड़ नाटक 15 मार्च को

**जयपुर ( नवयत्न )।** रंगशिल्प की ओर से रवींद्र मंच के संरक्षण और उसके महत्व को लेकर 15 मार्च को सायं 7 बजे रविंद्र मंच पर व्यंग्य नाटक जामुन का पेड़ का मंचन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह नाटक प्रशासनिक व्यवस्थाओं और उनके कार्यकलापों पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत करता है। साथ ही इसके माध्यम से रविंद्र मंच की वर्तमान स्थिति और राज्य सरकार की अनदेखी का मुद्दा भी उठाया जाएगा। रंगशिल्प का कहना है कि पर्याप्त बजट के अभाव में रविंद्र मंच की इमारत जर्जर होती जा रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों में कमी और लोगों की घटती भागीदारी भी इसी का परिणाम है। रंगकर्मियों और विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं ने समय-समय पर सरकार से रविंद्र मंच के रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की है।

## सीए फाउंडेशन एग्जाम में प्रिंस के विद्यार्थियों की शानदार सफलता

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, आईसीएआई द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन जनवरी, 2026 एग्जाम में सीकर स्थित प्रिंस एजुहब के 17 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में जतिन गोयल, प्रेक्षा शर्मा, अनहद कौर, विपिन राजेश, सोढ़ा सिंधुराज सिंह, अंशिका सेवका, देव सोनी, प्रियदर्शिनी गुप्ता, लक्ष्य भास्कर, केशव अशीवाल, चेतन मेनारिया, अंजली सैनी, कुसुम पाटीदार, हिमांशु शर्मा, दीपक अग्रवाल, सुमित टेलर व दिव्यांशु अग्रवाल शामिल हैं। विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, विकास कैडिया व एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह ने चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी। गौरतलब है कि प्रिंस एजुहब में स्टूडेंट्स की रुचि के अनुरूप स्कूलिंग के साथ ही सीयूईटी, क्लैट, सीए फाण्डेशन, एसटीएसईए जेट-आईसीएआरए सहित विभिन्न ओलंपियाड्स की विशेष तैयारी कराई जाती है।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति की हुई मृत्यु

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** हनुमानगढ़ किशनगढ़ मेगा हाईवे पर स्थत सुजानगढ़ के गनोडा चौराहा पर मोटरसाइकिल सवार को किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वो गंभीर घायल हो गया, जिसे तुरंत सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से गंभीर स्थिति के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जयपुर के निजी चिकित्सालय में घायल गंगाराम पुत्र भंवरलाल माली, निवासी नलिया बास सुजानगढ़ की मृत्यु हो गयी। रविवार सुबह शव सुजानगढ़ लाया गया, जहां टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की मदद से शव को मोरचरी मे रखवाया गया। परिजनों की रिपोर्ट पर सुजानगढ़ कोतवाली थाना केएएसआई नंदकिशोर ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक दूध का काम करता था तथा दूध देने जा रहा था, कि कोई अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शक्ति सदन में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस


संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित शक्ति सदन झुंझुनू में जिला पर्यावरण सुधार समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 2025 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रही मधु मुरारका ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पशुपालन विभाग की चिकित्सा प्रभारी डॉ सोनिया शर्मा ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ताकत और गरिमा के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी तो उनका विकास निश्चित है। इस अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मोनिका बाबल ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में फिजियोथेरेपी का महत्वपूर्ण योगदान है और इस पद्धति से बिना ऑपरेशन के कई बीमारियों का उपचार संभव है। कार्यक्रम में संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश अग्रवाल ने अतिथियों का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट अंजू शर्मा, शक्ति सदन की प्रभारी गुड्डी देवी, भंवरी देवी, साक्षी शर्मा, बबीता कुमारी, सचिव अभिषेक मुरारका, पूर्व पार्षद रोहिताश कुमारी, एडवोकेट पारस सैन, विमला कंवर सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम में कई महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उत्साह के साथ महिला दिवस मनाया।

## आयशा बनी यूनिवर्सिटी टॉपर, दीक्षांत समारोह में होगा सम्मान

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आयशा तंजीम ने शेखावाटी यूनिवर्सिटी में उर्दू विषय के एमए फाइनल में 81.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विश्वविद्यालय में टॉप किया है। इस उपलब्धि के साथ वह गोल्ड मेडल की हकदार बनी हैं। जानकारी के अनुसार आयशा तंजीम इम्तियाज किलानिया की पुत्री तथा कासम किलानिया की पौत्री हैं। उन्होंने 900 में से 734 अंक प्राप्त किए हैं। अध्यापक शाकिर खोखर ने बताया कि आयशा वर्तमान में बीएड कर रही हैं और रीट की तैयारी कर उर्दू विषय की अध्यापक बनना चाहती हैं। आयशा की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार और समाज में खुशी का माहौल है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। 28 मार्च को होने वाले दीक्षांत समारोह में उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

## महिला दिवस पर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जयपुर पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने शहर में फ्लैग मार्च निकालकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, स्कूल-कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच के निर्देशन में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की टीम ने शैक्षणिक संस्थानों, गर्ल्स हॉस्टल, मॉल, पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को छेड़छाड़ व उत्पीड़न से बचाव के लिए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इस अभियान के दौरान विभिन्न बस स्टैंड, पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर राजकॉप सिटीजन ऐप के क्यूआर कोड स्टिकर लगाकर करीब 1 हजार 705 महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही कई स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 7951 छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। पुलिस ने महिलाओं को ष्पीड हेल्प फीचर के साथ राजकोप सिटीजन ऐप डाउनलोड करने की जानकारी भी दी। इसके अलावा हेल्पलाइन के नंबर मोबाइल में सेव रखने की सलाह देते हुए किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। जयपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में तुरंत पुलिस को सूचना देकर सहयोग करें।

# राजस्थान रोडवेज का झुंझुनू डिपो बना मिसाल

## जनवरी 2025 के भारी घाटे से उभरकर जनवरी 2026 में करोड़ों की कमाई

## बेहतर प्रबंधन और रणनीति से बदली डिपो की आर्थिक तस्वीर

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के झुंझुनू डिपो ने वित्तीय प्रबंधन और बेहतर संचालन का उदाहरण पेश करते हुए जनवरी 2025 के मुकाबले 2026 में अपनी आर्थिक स्थिति को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। जनवरी 2025 में जहां डिपो को भारी घाटे का सामना करना पड़ा था, वहीं जनवरी 2026 में झुंझुनूं डिपो ने उल्लेखनीय सुधार करते हुए करोड़ों रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर मिसाल कायम कर दी है। डिपो के आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 में झुंझुनूं रोडवेज डिपो की कुल आय 4 करोड़ 43 लाख 90 हजार 290 रुपये रही थी जबकि इसी अवधि में डिपो ने 5 करोड़ 66 लाख 31 हजार 710 रुपये का खर्च किया था। इस प्रकार आय से अधिक खर्च होने के कारण डिपो को 1 करोड़ 22 लाख 41 हजार 420 रुपये का भारी घाटा उठाना पड़ा था। लेकिन जनवरी 2026 में स्थिति पूरी तरह बदल गई। जनवरी 2026 में झुंझुनूं डिपो ने बेहतर प्रबंधन, खर्चों पर नियंत्रण और आय बढ़ाने के प्रयासों के कारण शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 करोड़ 57 लाख 10 हजार 798 रुपये की कुल आय अर्जित की। वहीं खर्च को नियंत्रित रखते हुए 4 करोड़ 65 लाख 66 हजार 840 रुपये तक सीमित रखा गया। इस प्रकार जनवरी 2026 में झुंझुनूं डिपो ने कुल खर्च निकालने के बाद 1 करोड़ 5 लाख 52 हजार 263 रुपये की शुद्ध आय अर्जित की। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि पिछले वर्ष इसी माह में डिपो घाटे में था।

### जनवरी 2026 में बदली आर्थिक तस्वीर

झुंझुनूं रोडवेज डिपो के लिए यह उपलब्धि बेहद अहम मानी जा रही है। पिछले वर्ष जनवरी 2025 जहां घाटे के कारण डिपो की आर्थिक स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे थे, वहीं इस वर्ष जनवरी 2026 करोड़ों की शुद्ध आय अर्जित कर डिपो ने यह साबित कर दिया है कि सही रणनीति और बेहतर प्रबंधन से किसी भी सरकारी संस्था को घाटे से बाहर निकाला जा सकता है। रोडवेज चीफमैनेजर गिरिराज स्वामी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में रोडवेज प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव झुंझुनूं डिपो की आय पर पड़ा है। बसों के बेहतर संचालन, यात्रियों की संख्या में वृद्धि, टिकटिंग व्यवस्था में सुधार तथा अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण के कारण डिपो की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है।

### मुख्यालय के निर्देशों का मिला लाभ

झुंझुनूं डिपो के डिपो मैनेजर गिरिराज स्वामी ने इस उपलब्धि का श्रेय रोडवेज मुख्यालय और प्रबंधन को दिया है। उन्होंने बताया कि रोडवेज मुख्यालय के निर्देशानुसार डिपो में कई सुधारात्मक कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि रोडवेज के प्रबंध निदेशक द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्य करते हुए डिपो के संचालन को अधिक प्रभावी बनाया गया। बसों के समय पर संचालन, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और राजस्व बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए गए। गिरिराज स्वामी ने बताया कि जनवरी 2026 के दौरान डिपो ने कुल 5 करोड़ 57 लाख 10 हजार 798 रुपये की आय अर्जित की। वहीं कुल खर्च 4 करोड़ 65 लाख 66 हजार 840 रुपये रहा। खर्च निकालने के बाद डिपो को 1 करोड़ 5 लाख 52 हजार 263 रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हुई है।



### यात्रियों की संख्या बढ़ने से बढ़ी आय

झुंझुनूं डिपो की आय में बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण यात्रियों की संख्या में वृद्धि भी माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में रोडवेज बसों के संचालन में सुधार किया गया, जिससे यात्रियों का भरोसा बढ़ा और अधिक लोग रोडवेज बसों से यात्रा करने लगे। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों तक बस सेवाओं के संचालन को बेहतर बनाया गया। समय पर बसों के संचालन से यात्रियों को सुविधा मिली, जिससे रोडवेज की आय में भी बढ़ोतरी हुई।

### खर्चों पर रखा गया विशेष नियंत्रण

डिपो प्रशासन ने आय बढ़ाने के साथ-साथ खर्चों को नियंत्रित करने पर भी विशेष ध्यान दिया। अनावश्यक खर्चों में कटौती की गई और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया गया। बसों के संचालन में ईंधन की खपत पर निगरानी रखी गई और तकनीकी रखरखाव को बेहतर बनाया गया। इसके कारण खर्च कम हुआ और डिपो को लाभ प्राप्त हुआ।

### कर्मचारियों के सहयोग से मिली सफलता

झुंझुनूं डिपो की इस सफलता में कर्मचारियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। ड्राइवर, कंडक्टर और अन्य कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन किया, जिससे बसों का संचालन सुचारू रूप से होता रहा। कर्मचारियों के सहयोग से डिपो प्रशासन को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिली।

### प्रदेश के अन्य डिपो के लिए बना उदाहरण

झुंझुनूं रोडवेज डिपो की यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य डिपो के लिए भी एक प्रेरणा बन सकती है। जिस प्रकार एक वर्ष में घाटे से उबरकर डिपो ने करोड़ों की शुद्ध आय अर्जित की है, वह अन्य डिपो के लिए भी एक उदाहरण है।

### भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

डिपो प्रशासन का कहना है कि आने वाले समय में भी इसी तरह के प्रयास जारी रखे जाएंगे ताकि रोडवेज की आय में और बढ़ोतरी हो सके। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और बस सेवाओं का विस्तार करना भी प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। डिपो मैनेजर गिरिराज स्वामी ने कहा कि रोडवेज मुख्यालय के निर्देशानुसार कार्य करते हुए झुंझुनूं डिपो को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। जनवरी 2025 में जहां डिपो को 1 करोड़ 22 लाख 41 हजार 420 रुपये का घाटा हुआ था, वहीं जनवरी 2026 में 1 करोड़ 5 लाख 52 हजार 263 रुपये की शुद्ध आय अर्जित करना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## महिला दिवस पर विज्ञापनों में महिलाओं की भूमिका पर गोष्ठी आयोजित

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, चूरू के द्वारा सेठ बुधमल दूगड़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरदारशहर के सभागार में विचार गोष्ठी एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के समूह गीत के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् एवं सह सचिव, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, जयपुर प्रांत ने विचार गोष्ठी के मुख्य विषय विज्ञापनों में महिलाओं की भूमिका : स्वतंत्रता और मर्यादा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के विज्ञापनों में मातृशक्ति की छवि अब आत्मविश्वास और रूढ़ियों को तोड़ने वाली बन रही है लेकिन वस्तुकरण और लैंगिक असमानता के पुराने पैटर्न अभी भी पूरी तरह से खत्म नहीं हुए हैं, कुछ विज्ञापनों में मातृ शक्ति का उपयोग उत्पाद को आकर्षक बनाने के लिए एक ऑब्जेक्ट की तरह किया जाता है। यह दिन महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष और उनकी उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला प्रमुख चूरू वंदना आर्य ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञापनों में महिलाओं की भूमिका में प्रगति हो रही है लेकिन एक ऐसे समावेशी चित्रण की आवश्यकता अभी भी है, जो मातृशक्ति की वास्तविक क्षमताओं और समाज में उनकी भूमिका को सही ढंग से दर्शाए न कि केवल उन्हें किसी वस्तु के रूप में प्रस्तुत करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेठ बुधमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ कविता शर्मा ने कहा कि आज के समय में सशक्तिकरण, अधिकार और न्याय के माध्यम से महिलाओं को समाज में बराबर का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध मातृ शक्ति ने भी विज्ञापनों में महिलाओं की मर्यादा एवं स्वतंत्रता पर अपने विचार रखें।

अतिथियों ने इस अवसर पर समाज के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 23 महिलाओं को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र डॉ सोनिया पूर्वा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट। चिकित्सा एवं शिक्षा डॉ वंदना भटनागर कनिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सा विभाग, डॉ सरोज चौधरी निदेशक कैम्ब्रिज शिक्षण संस्थान, डॉ कविता शर्मा प्राचार्य सेठ बुधमल दूगड़ महाविद्यालय, माया शर्मा निदेशक कृष्णा पब्लिक स्कूल सरदारशहर, मंजू दाधीच अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ विप्र फाउंडेशन । खेल एवं नवाचार- कुमकुम सोनी बैडमिंटन में अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, रूपा पारीक सर्वप्रथम मतदाता पंजीकरण में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्तकर्ता, पर्यावरण एवं शिक्षा- यशोदा शर्मा कोरोना काल में सेवा एवं पर्यावरण हेतु हजारों कपड़े के थैले वितरण हेतु, समाज सेवा एवं संस्कृति- पार्वती सैनी को भारतीय संस्कृति संरक्षक, सुनीता डागा समाजसेवा और अंजना भोजक तहसील महामंत्री, महिला प्रकोष्ठ विप्र फाउंडेशन, खेल एवं नवाचार- कुमकुम सोनी को बैडमिंटन में अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता और रूपा पारीक को सर्वप्रथम मतदाता पंजीकरण में शत प्रतिशत सफलता हेतु सम्मानित, पर्यावरण एवं शिक्षा - यशोदा शर्मा को कोरोना काल में समाजसेवा एवं हजारों थैलों के वितरण हेतु प्रसिद्ध। समाजसेवा एवं संस्कृति - पार्वती सैनी को भारतीय संस्कृति के संरक्षण हेतु इसके साथ ही एडवोकेट ऋतु राठौड़, सरोज पारीक, सरिता सैनी, लक्ष्मी व्यास, निशा सैनी, डॉ कविता लाटा, माया शर्मा, मंजू जेदिया, कंवलासर सरपंच विमला देवी शर्मा, निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, चित्रकार नम्रता जांगिड़ और जया जांगिड़ को भी उनके सराहनीय कार्य के लिए मंच पर गौरव प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुन्नी देवी पारीक ने किया।

## श्रीमद्भागवत कथा से मिलती है शक्ति और मुक्ति : सरस्वती




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री साईं नाथ सेवा धाम समिति के तत्वावधान में श्री साईं बाबा के 20वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर राजापार्क स्थित सिंधी कॉलोनी के स्वामी सर्वानंद पार्क में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा का वाचन करते हुए जगद्गुरु परमहंसाचार्य स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि श्रीमद्भागवत कलिकाल के समस्त पापों का समूल नाश करने वाली है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में जीवन से जुड़े सभी प्रश्नों और शंकाओं का समाधान विद्यमान है। इसके श्रवण से मनुष्य को भक्ति, शक्ति और मुक्ति की प्राप्ति होती है। जहां भी श्रीमद्भागवत की कथा होती है, वहां भगवान स्वयं उपस्थित होकर अपनी कथा का श्रवण करते हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि जो भक्त संसार की परवाह किए बिना प्रभु के प्रेम में अश्रु बहाता है और प्रभु भक्ति में नृत्य करता है, वह स्वयं के साथ-साथ पूरे संसार को भी पवित्र कर देता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। सनातन धर्म में सत्य आचरण, अहिंसा, प्रभु सेवा और श्रेष्ठ व्यवहार पर विशेष बल दिया गया है। आयोजन से जुड़े निवर्तमान पार्षद घनश्याम चंदलानी ने बताया कि कथा महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को ध्रुव चरित्र और प्रह्लाद चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। 10 मार्च को भगवान श्रीराम चरित्र और श्रीकृष्ण चरित्र का वर्णन होगा, जिसके बाद नंदोत्सव मनाया जाएगा। 11 मार्च को श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए गोवर्धन पूजा और 56 भोग का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को रासलीला और रुक्मिणी विवाह की कथा के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ेगा। अंतिम दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंग के बाद कथा की पूर्णाहुति होगी तथा पोथी विदाई के साथ आयोजन संपन्न होगा।

## सन् 1968-69 व 70 के सहपाठी मित्रों ने मनाया होली स्नेह मिलन

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की रघुनाथ विद्यालय के सन् 1968-69 व 70 के सहपाठी मित्रों ने स्थानीय कुरजां रेस्टोरेंट में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया। लगातार दूसरी बार आयोजित इस कार्यक्रम में सभी मित्रों ने अपने विद्यार्थी जीवन की पुरानी यादें ताजा की। स्थानीय व दूरस्थ क्षेत्रों से पधारे हुए विद्यार्थियों ने एक दूसरे के सुख दु:ख साझा किए तथा मिलकर आनंद मनाया। बीकानेर से पधारे सेवा निवृत्त डॉ. शिव कुमार स्वामी, डूंगरमल स्वामी तथा जयपुर से पधारे डॉ मानाराम मंडार, ऊषा मंडार तथा एडिशनल एस. पी. ओम प्रकाश जांगिड़ ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजन को प्रति वर्ष किए जाने की बात कही। यू ट्यूबर दिनेश मारवाड़ी ने अपने मजाकिया अंदाज में सुपर स्टार्स की मिमिक्री व कॉमेडी प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी ने फाल्गुनी गीतों की धुन पर फूलों की होली खेलकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कई वर्षों के बाद एक दूसरे से मिलकर सभी भाव विभोर नजर आए। इस दौरान एकत्र हुए मित्रों ने अपने दिवंगत हुए गुरुजनोंए ईष्ट मित्रों व क्षेत्र के जाने माने पत्रकार नारायण बारहठ को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन स्वरूचि भोज के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों-लक्ष्मी प्रकाश वर्मा और हरिप्रसाद लाटा का घर जाकर, श्री फल व कम्बल प्रदान कर सम्मान किया। कार्यक्रम के संयोजक घनश्याम मिश्रा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् अनिल लाटा ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश जांगिड़, चतुर्भुज गोस्वामी, देवकरण माली, बनवारीलाल महर्षि, मदन सिंह राठौड़, विनोद कुमार वर्मा, शिवलाल ढेवा, हरिशंकर शर्मा, महावीर बुढाढरा, राधेश्याम चौहान, ओम प्रकाश गौड़, महावीर प्रसाद सोनी, पीरूमल भोभरिया, रामावतार ठठेरा, ओम प्रकाश गाड़गिल, हरिराम कड़ेल, हरिप्रकाश इंदौरिया, जगदीश प्रसाद माली, प्रताप वर्मा, अनिरुद्ध दायमा, रामदेव चंदनिया, उम्मेद मिश्रा, निर्मला मिश्रा, अंजू मिश्रा, विजय कुमार भाटी, प्रदीप मिश्रा, कुसुम, विशेष व अरविंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190